इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव







वर्ष- 43 | अंक -174 | राजनांदगांव, शनिवार 11 मई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, जब तक चुनाव तब तक केजरीवाल बाहर, जेल के अंदर जानेंगे रिजल्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सात चरणों वाले 2024 लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान 1 जून तक अंतरिम जमानत दे दी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर आज सुनवाई हुई है। कथित दिल्ली शराब उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 21 मार्च को गिरफ्तार किए गए आम आदमी पार्टी नेता को 2 जून तक जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा।



### 2 जून को करना होगा आत्मसमर्पण

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सात चरणों वाले 2024 लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान 1 जून तक अंतरिम जमानत दे दी है। कथित दिल्ली शराब उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 21 मार्च को गिरफ्तार किए गए आम आदमी पार्टी नेता को 2 जून तक जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने इसे लेकर कहा कि केजरीवाल की इस याचिका पर बहस भी अगले हफ्ते खत्म करने की कोशिश करेंगे। E D की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ने जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ से गुजारिश की कि समय खत्म होने पर अरविंद केजरीवाल को सरेंडर करने को कहा जाए। इस पर कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सीएम को 2 जून को सरेंडर करना होगा अंतरिम जमानत देते हुए शर्तों को लेकर कोर्ट ने कुछ नहीं कहा है।

### अरविंद केजरीवाल कब आएंगे जेल से बाहर

अरविंद केजरीवाल का प्रतिनिधित्व कर रहे सुप्रीम कोर्ट के वकील शादान फरासत ने कहा कि अदालत ने बहुत ही छोटा मौखिक आदेश दिया है। साथ ही कहा कि अभी हमने आदेश नहीं पढ़ा है, उसे जल्द ही अपलोड कर दिया जाएगा। आदेश में कोर्ट ने कहा कि वह अरविंद केजरीवाल को अंतरिम राहत दे रही है। उन्होंने बताया कि केजरीवाल के जरिए चुनाव प्रचार करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। आदेश जैसे ही आदेश अपलोड हो जाएगा, हम आज ही उनकी रिहाई की कोशिश करेंगे। प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने आज को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लोकसभा चुनावों के बीच आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि चुनाव प्रचार करना मौलिक, संवैधानिक या कानूनी अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक अंतरिम जमानत का आदेश दे दिया गया है।

# पाकिस्तान और आतंकवादियों की डिफेंडर बन गई है राहुल की कांग्रेस पार्टी: राजीव चंद्रशेखर



नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव चंद्रशेखर ने मणिशंकर अय्यर और कांग्रेस के अन्य नेताओं द्वारा लगातार दिए जा रहे बयानों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी, पाकिस्तान और पाकिस्तानी आतंकवादियों की डिफेंडर बन गई है।

भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं के बयान से राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और नीति स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि हो सकता है कि कांग्रेस पार्टी ने जिस तरह से अपनी आदत के मुताबिक सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया था, उसी तरह से वह मणिशंकर अय्यर के बयान से भी किनारा कर ले, लेकिन कांग्रेस नेताओं के लगातार आ रहे इस तरह के बयानों से राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी की विचार और नीति के पैटर्न का पता चलता है।

उन्होंने कहा कि मणिशंकर अय्यर ने यह कहा है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, इसलिए भारत को उसका सम्मान करना चाहिए और उससे डरना चाहिए लेकिन उन्हें यह पता होना चाहिए कि यह नया भारत है जो किसी से डरता नहीं है।

उन्होंने सैम पित्रोदा और मणिशंकर अय्यर के हाल के बयानों के साथ ही इससे पहले शशि थरूर, दिग्विजय सिंह एवं राहुल गांधी सहित अन्य कई कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयानों का जिक्र करते हुए कहा कि वह देश के लोगों के सामने तथ्यों को रख रहे हैं ताकि लोगों को यह पता लगे कि राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर कांग्रेस और राहुल गांधी की सोच क्या है?

कांग्रेस और विपक्षी पार्टी पर बड़ा हमला बोलते हुए राजीव चंद्रशेखर ने एक सवाल के जवाब में कहा कि पाकिस्तान यह चाहता है कि 4 जून को भारत में इंडी गठबंधन की सरकार बने लेकिन भारत की जनता यह चाहती है कि नरेंद्र मोदी ही तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने। केंद्रीय मंत्री ने आम आदमी पार्टी पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि उन्हें खालिस्तानियों से पैसा लेने के बारे में देश को बताना चाहिए।

# इंडिया गठबंधन का तूफ़ान मोदी के जाने की गारण्टी: राहुल गांधी



कन्नौज। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि देश में इंडिया समूह का तूफान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जाने की गारंटी बयां कर रहा है।

कन्नौज लोकसभा सीट से प्रत्याशी एवं समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव संग इत्रनगरी पहुंचे राहुल का अंदाज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रति आक्रामक रहा। उन्होने कहा प्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडिया का तूफान आ रहा है जो इस बात की गारंटी है कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे।

उत्तर प्रदेश में विपक्षी गठबंधन इंडिया की सबसे बड़ी जीत का दावा करते हुये उन्होंने कहा यूपी में इंडिया का तूफान आ रहा है। लिखकर ले लीजिए, हम जो कह रहे हैं वह सही होने वाला है। हमने पिछले दो सालों में नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोली है। न्याय यात्रा के जरिए हमने देश को जगाया है। हमने अपना काम कर दिया है। यह हमारी गारंटी है कि नरेंद्र मोदी हिंदुस्तान का प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे। राहुल ने कहा कि गठबंधन की सरकार बनने के बाद 15 अगस्त तक 30 लाख लोगों को नौकरी देने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में युवाओं को बेरोज़गार बना दिया गया हमारी सरकार आने पर युवा रोज़गार पाएँगे।

उन्होने कहा कि 'इंडिया' के तूफान में भाजपा उड़ने वाली है। यूपी में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ने वाला है। इस अवसर पर आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि कन्नौज से बहुत बड़ी जीत होने जा रही है। ये लोकतंत्र का आखिरी चुनाव है, भाजपा जीतेगी तो संविधान खत्म हो जाएगा। अखिलेश यादव पांच साल मुख्यमंत्री रहे हैं। ऐसे में भाजपा की नफरत देखिए, मुख्यमंत्री आवास को गंगा जल से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हाईकोर्ट से जीपी सिंह को बड़ी राहत, राजद्रोह केस में प्रोसिडिंग पर लगी रोक, बघेल सरकार में दर्ज हुआ था केस



बिलासपुर। हाईकोर्ट ने 1994 बैच के आईपीएस जीपी सिंह को ब?ी राहत मिली है। जीपी सिंह पर लगाये गए राजद्रोह के केस की प्रोसिडिंग पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया था। एंटी करप्शन ब्यूरो के शिकंजे में फंसे छत्तीसगढ़ के सस्पेंड अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह पर पुलिस ने राजद्रोह के तहत केस दर्ज किया था।

जीपी सिंह पर पर आरोप था कि उनके सरकारी बंगले से कुछ चिट्ठियां, फटे हुए पन्ने और पेन ड्राइव मिली जिसकी जांच में सरकार विरोधी गतिविधियों की बात सामने आई थी। जिसके आधार पर उनके खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया। पुलिस की एफआईआर को चुनौती देते हुए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें उन्होंने षड्यंत्र के तहत झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया था।

जीपी सिंह उस वक्त छत्तीसगढ़ पुलिस में पुलिस एकेडमी का जिम्मा संभाल रहे थे। उससे पहले वो खुद एसीबी के चीफ रह चुके थे। उनके खिलाफ अवैध वसूली, ब्लैकमेलिंग के जरिए करोड़ों की प्रॉपर्टी बनाने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद एसीबी ने जांच शुरू की। उन पर आरोप ये भी था कि जीपी सिंह एसीबी प्रमुख रहने के दौरान भ्रष्ट अफसरों को कार्रवाई का डर दिखाकर उन्हें ब्लैकमेल किया और रुपए वसूले थे। इन मामलों में जीपी सिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया था, जिसमें हाईकोर्ट ने राहत देते हुए एफआईआर पर रोक लगाई है।

# 'मैं आ गया, देश को तानाशाही से बचाना है', तिहाड़ जेल से निकलकर बोले सीएम अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली। दिल्ली आबकारी नीति घोटाला केस में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार की शाम तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद बड़ी संख?या में जुटे आम आदमी पार्टी समर्थकों से कहा कि देश के 140 करोड़ लोगों को तानाशाही के खिलाफ मिलकर लड़ना होगा। केजरीवाल ने कहा, मैंने कहा था कि मैं जल्द ही बाहर आऊंगा, अब मैं आ गया हूं। पूरे भारत से करोड़ों लोगों ने मुझे अपना आशीर्वाद भेजा। मैं सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनकी वजह से मैं अब आप सभी के साथ हूं। देश को बचाने के लिए हम सभी को एक साथ आना होगा। 140 करोड़ लोगों को तानाशाही के खिलाफ एक साथ लड़ना होगा।

### कल एक बजे करेंगे प्रेस कांफ्रेंस

केजरीवाल ने कहा, मैं आप सभी को धन्यवाद देता हूं। शनिवार को दोपहर 1 बजे पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने से पहले हम सुबह 11 बजे कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में आप लोगों से मिलेंगे। बता दें कि केजरीवाल की 40 दिन की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को खत्म हो गई , जब सुप्रीम कोर्ट ने उत्पाद शुल्क नीति मामले में उन्हें 1 जून तक के लिए जमानत दे दी। अब आप सुप्रीमो को 2 जून तक तिहाड़ जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करना होगा। उन्हें 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा, देश की जनता की ओर से मैं सुप्रीम कोर्ट को तहे दिल से धन्यवाद देती हूं। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और पंजाब में अद्भुत काम किया। उनके जमानत से पूरे देश में खुशी और आशा की लहर है जो निश्चित रूप से वोटों में तब्दील होगी।

# सरोज पांडेय की मुश्किलें बढ़ीं : भाजपा प्रत्याशी के चुनावी खर्च में जुड़ेगा हनुमान कथा का खर्चा



मनेन्द्रगढ़। आचार संहिता के दौरान कोरबा लोकसभा के चिरमिरी में आयोजित हुई बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमान कथा का खर्च कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के चुनावी खर्चे में जुड़ेगा। कोरबा लोकसभा के चिरमिरी के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम गोदरीपारा में 26 अप्रैल को हनुमान कथा का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी हेलीकॉप्टर से चिरमिरी पहुंचे थे।

हनुमान कथा के समापन के दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने आयोजकों के नाम का जिक्र करते हुए कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का नाम लेते हुए कहा था कि आयोजकों के लिए ताली बजाई जाए और वे मंच पर आएं क्योंकि उन्होंने खर्चा किया है। कार्यक्रम स्थल की वीडियोग्राफी के आधार पर सरोज पांडेय को इस मामले में निर्वाचन आयोग ने नोटिस जारी किया था। जिसका जवाब देते हुए सरोज पांडेय ने कहा कि वे इस कार्यक्रम की आयोजक नहीं थीं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# मुठभेड़ में मारे गए 12 नक्सली, दो जवान घायल, ऑपरेशन के लिए सीएम साय ने अधिकारियों को दी बधाई

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पीढ़िया के जंगल में शुक्रवार की सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई जबरदस्त मुठभे? में 12 नक्सली मारे गए। वहीं मुठभेड़ के दौरान दो जवानों के घायल होने की भी जानकारी मिल रही है। सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा की डीआरजी कोबरा की 210 बटालियन और एसटीएफ के जवानों की सर्चिंग जारी है। मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार भी बरामद।

जंगल में मौजूद कई बड़े नक्सलियों को जवानों ने घेर रखा है। घटनास्थल से मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। तीन जिलों के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर हैं और 12 घंटे तक मुठभेड़ हुई है। बड़े नक्सल लीडर्स की मौजूदगी के हिंट पर ऑपरेशन लॉन्च किया गया है। बस्तर आईजी और डीआईजी समेत जिले के एसपी ऑपरेशन पर



नजर बनाए हुए हैं। जवानों को गंगालूर थाना क्षेत्र के पीढ़िया इलाके में नक्सलियों के टॉप हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव समेत बड़े लीडर्स के जंगल में होने की सूचना मिली थी। नक्सलियों की इस कमेटी में डीकेएसजेडसी, डीवीसीएम व एसीएम कैडर के बड़े नक्सली भी मौजूद हैं। सूचना के बाद पड़ोसी जिले दंतेवाड़ा, सुकमा व बीजापुर से एसटीएफ, डीआरजी, सीआरपीएफ व कोबरा बटालियन के 1200 जवानों ने साझा अभियान चलाया। जहां जंगल में शुक्रवार की सुबह हुई जबरदस्त मुठभेढ़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया।

### मुठभेड़ में दो जवान घायल

मुठभेड़ के दौरान ढ्ढश्वष्ठ की चपेट में आने से 2 जवानों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। घायल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। डीआरजी का एक और एक एसटीएफ का जवान घायल हुआ है। घायल जवानों को उपचार के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया है।

### सीएम साय ने जवानों और अधिकारियों को दी बधाई

नक्सली मुठभेड़ पर सीएम विष्णुदेव साय ने जवानों और अधिकारियों को बधाई दी है। सीएम ने कहा कि घटनास्थल से मारे गए नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। हथियार, विस्फोटक और दैनिक उपयोग का समान भी बरामद किया गया है।

# प्रज्वल रेवन्ना मामले में व्हिसलब्लोअर पर ही लगा यौन शोषण का आरोप, पीड़ित महिला ने खोले राज



बेंगलुरु। कर्नाटक के हासन से भाजपा नेता जी देवराजे गौड़ा के खिलाफ यौन उत्पीड़न का केस दर्ज किया गया है। देवराजे गौड़ा वही नेता हैं जिन्होंने जिन्होंने जेडीएस के साथ गठबंधन होने से पहले ही भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को पत्र लिखकर प्रज्वल रेवन्ना पर कई महिलाओं के कथित यौन शोषण का आरोप लगाया था। देवराजे गौड़ा पेशे से वकील हैं। उनके खिलाफ 1 अप्रैल को एफआईआर दर्ज की गई थी, लेकिन यह मामला प्रज्वल रेवन्ना केस में उनकी मुखबिरी के बाद सामने आई है।

### भाजपा को प्रज्वल को टिकट नहीं देने की चेतावनी दी थी

इसके साथ ही देवराजे गौड़ा ने भाजपा नेतृत्व को पिछले साल ही प्रज्वल रेवन्ना द्वारा कई महिलाओं के साथ यौन शोषण करने को लेकर सचेत किया था और पार्टी को हासन से जेडीएस सांसद को लोकसभा टिकट नहीं देने की चेतावनी दी थी। प्रज्वल रेवन्ना हासन लोकसभा सीट से भाजपा-जेडीएस के उम्मीदवार हैं।

### एचडी रेवन्ना के खिलाफ चुनाव लड़ चुके हैं देवराजे

देवराजे गौड़ा प्रज्वल के पिता और होलेनरसिपुरा विधायक एचडी रेवन्ना के खिलाफ 2023 में विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। देवराजे भी छेड़छाड़ और अपहरण के एक केस में आरोपी हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आपात स्थिति में मरीज को दूसरे अस्पताल में जाने को न कहें डॉक्टर : मुर्मु

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आपात चिकित्सा स्थिति में 'गोल्डन आवर' को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि इस अवधि के दौरान इलाज मिलने पर मरीजों की जान बचाई जा सकती है और डॉक्टरों को तुरंत उपचार की जरूरत वाले किसी भी मरीज का इलाज के लिए कहीं और जाने के लिए नहीं कहना चाहिए।

श्रीमती मुर्मू ने शुक्रवार को यहां नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) के 22वें दीक्षांत समारोह में मेडिकल छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने आपात चिकित्सा स्थिति में गोल्डन आवर के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि इस अवधि के दौरान इलाज मिलने पर मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञ डॉक्टरों को आपातकालीन मरीजों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और उन्हें कभी भी आपातकालीन मरीज को इलाज के लिए कहीं और जाने के लिए नहीं कहना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस कहावत 'न्याय में देरी न्याय से इनकार है' का हवाला देते हुए जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में, समय और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इलाज में देरी से जीवन से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी हम दुखद समाचार सुनते हैं कि यदि समय पर इलाज मिल जाता तो व्यक्ति की जान बचाई जा सकती थी। अगर जान बच भी जाए तो कई स्थितियों में इलाज में देरी से स्वास्थ्य खराब हो जाता है। ऐसे उदाहरण अक्सर लकवा के मरीजों में देखने को मिलते हैं। समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज अपने अंगों को हिलाने-डुलाने की क्षमता खो देते हैं और दूसरों पर निर्भर हो जाते हैं।



श्रीमती मुर्मु ने पिछले लगभग चार दशकों में चिकित्सा शिक्षा में उनके योगदान के लिए एनबीईएमएस के सदस्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनबीईएमएस के प्रयासों से देश में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राष्ट्रपति ने डॉक्टरों से त्वरित स्वास्थ्य सेवा, संवेदनशील स्वास्थ्य सेवा और सस्ती स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वे अपना समय गरीब मरीजों को निःशुल्क देकर देश समाज के लिए अमूल्य योगदान दे सकते हैं। उन्होंने मेडिकल छात्रों से कहा कि यदि उन्होंने मेडिकल को पेशे के रूप में चुना है तो उनमें मानवता की सेवा करने की इच्छा जरूर है। उन्होंने सेवा भावना की रक्षा, संवर्द्धन और प्रसार करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हमारे देश की विशाल आबादी को देखते हुए डॉक्टरों की उपलब्धता लगातार बढ़ाने की जरूरत है और सभी का प्रयास होना चाहिए कि मात्रा के साथ-साथ गुणवत्ता को भी प्राथमिकता दी जाये।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि भारतीय डॉक्टरों ने विश्व स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। किफायती मेडिकेयर के कारण भारत चिकित्सा पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। उन्होंने डॉक्टरों को देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बताया और विश्वास जताया कि वे देश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

दीक्षांत समारोह में डिग्री और पदक पाने वाले पुरुष डॉक्टरों की तुलना में महिला डॉक्टरों की संख्या अधिक होने पर राष्ट्रपति ने कहा कि उच्च चिकित्सा शिक्षा में छात्राओं की उपलब्धि हमारे समाज और देश की एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि अधिकांश परिवारों के संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि लड़कियों को सीमाओं और प्रतिबंधों का एहसास कराया जाता है। समाज और सार्वजनिक स्थानों पर भी लड़कियों को अपनी सुरक्षा और समाज की स्वीकार्यता के प्रति अतिरिक्त सचेत रहना होगा। ऐसे माहौल में हमारी बेटियां अपनी श्रेष्ठता साबित कर नए भारत की नई तस्वीर पेश कर रही हैं।

# छत्तीसगढ़ के जागेश्वर यादव हुए पद्मश्री से सम्मानित; मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दी बधाई



रायपुर। छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए काम करने वाले बिरहोर के भाई के नाम से प्रसिद्ध जागेश्वर यादव को देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री से सम्मानित किया। इस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है। साथ ही उन्होंने जागेश्वर यादव के जीवन को प्रेरणादायक बताया। सीएम साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स में बधाई संदेश में उन्होंने लिखा है कि- छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले बिरहोर के भाई जागेश्वर यादव को (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बोर्ड रिजल्ट : 10वीं में सिमरन तो 12वीं में कोपल आया प्रथम

## छत्तीसगढ़ माशिमं ने जारी किया परीक्षा परिणाम

रायपुर (दावा)। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आज दोपहर 12.30 बजे दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया गया है। राज्य में एक बार फिर से बेटियों ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए बोर्ड रिजल्ट में अपना नाम दर्ज कराया है।

### सिमरन प्रदेश में आई प्रथम

10वीं बोर्ड की परीक्षा में जशपुर की सिरमन ने 99.50 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में अपना पहला स्थान बनाया है। वहीं महासमुंद की महक अग्रवाल ने 12वीं बोर्ड में 97.40 प्रतिशत अंको के साथ पूरे स्टेट में टॉप किया है। इसी तरह 10वीं बोर्ड में जहां दूसरे नंबर पर गरियाबंद की होनिशा को 98.83 प्रतिशत और जशपुर के श्रेयांश कुमार ने 98.33 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान 10वीं बोर्ड में बनाया है।

### 12वीं में कोपल रहे प्रथम :

इसी तरह 12वीं बोर्ड की परीक्षा में टॉप थ्री में आने वाले छात्रों में बलोदाबाजार की कोपल अंबस्ट ने 97 प्रतिशत अंको के साथ दूसरा स्थान बनाया है। इसी तरह बलौदाबाजार की प्रीति और जशपुर की आयुषी गुप्ता ने 96.80 प्रतिशत के साथ प्रदेश में अपना तीसरा स्थान बनाया है।10वीं बोर्ड का परिणाम इस बार 75.61 प्रतिशत रहा है,वहीं हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम इस बार 80.74 रहा है।



छत्तीसगढ़ माध्यमिक मंडल ने आज बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये है। एक बार फिर बोर्ड की परीक्षा में जहां बेटियों ने बाजी मारी है। वही प्रदेश में प्राविण्य सूची में आने वाले छात्रों में जशपुर जिले का डंका बजा है। 10वीं और बारहवीं के टॉप टेन स्टूडेंट्स में जशपुर जिला के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

10वीं बोर्ड की परीक्षा में जशपुर की सिरमन ने 99.50 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश में अपना पहला स्थान बनाया है। वहीं महासमुंद की महक अग्रवाल ने 12वीं बोर्ड में 97.40 प्रतिशत अंको के साथ पूरे स्टेट में टॉप किया है। आपको बता दे कि प्रदेश में टॉप थ्री छात्रों में 10वीं बोर्ड में जहां दूसरे नंबर पर गरियाबंद की होनिशा को 98.83 प्रतिशत और जशपुर के श्रेयांश कुमार ने 98.33 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान 10वीं बोर्ड में बनाया है।इसी तरह 12वीं बोर्ड की परीक्षा में टॉप थ्री में आने वाले छात्रों में बलोदाबाजार की कोपल अंबस्ट ने 97 प्रतिशत अंको के साथ दूसरा स्थान बनाया है। इसी तरह बलौदाबाजार की प्रीति और जशपुर की आयुषी गुप्ता ने 96.80 प्रतिशत के साथ प्रदेश में अपना तीसरा स्थान बनाया है।

### परीक्षा परिणाम पर एक नजर :

इस बार के परीक्षा परिणाम पर गौर करे तो हाईस्कूल परीक्षा का परिणाम 75.61 फीसदी रहा। इसमें 79.35 छात्रा और 71.12 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। इसी तरह 12वीं बोर्ड का परिणाम 80.74 रहा। इसमें उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं का प्रतिशत 83.72 रहा, वहीं 76.91 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए।

इस बार 10वीं में 3 लाख 42 हजार 511 छात्र और 12वीं में 2 लाख 54 हजार 906 छात्रों ने परीक्षा दी है। 10वीं की परीक्षा 2 मार्च से 21 मार्च तक और 12वीं की 1 मार्च से 23 मार्च तक हुई थी। इस साल की बोर्ड परीक्षा के लिए करीब 6 लाख 10 हजार छात्रों ने अपना पंजीयन कराया था। जिसमें से 2 लाख 62 हजार छात्रण्छात्राएं 12वीं और 3 लाख 47 हजार 10वीं के छात्र हैं।

# कलेक्टर ने पशु पक्षियों के लिए कोटने में पेयजल का किया शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने संस्कार श्रद्धांजलि द्वारा संचालित पशु पक्षियों के लिए 28वें वार्षिक पेयजल योजना का शुभारंभ अपने निवास में संस्था द्वारा प्रदत्त कोटने में जल भर कर प्रारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़ व उनकी टीम काफी अरसे से पशु पक्षियों की प्यास बुझाने हेतु संवेदनशील होकर कार्यरत हैं।

इसके लिए उन्होंने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि गर्मी में पशु पक्षियों को पानी की बहुत जरूरत होती है पर उन्हें पानी मिल नहीं पाता है। संस्था द्वारा जगह जगह कोटना लगाकर उनकी प्यास बुझाने हेतु यह कार्य अनुकरणीय है। समाज के अन्य लोगो को भी इस पुनीत कार्य हेतु आगे आना चाहिए। जिससे हम पर्यावरण के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी निभा सके।

संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया कि 1997 से पशु पक्षियों के पेयजल लिए राजनांदगांव, मानपुर-मोहला, छुरिया, डोंगरगांव, बालोद, छुईखदान सहित 1500 से अधिक विभिन्न स्थानों में कोटना स्थापित किया गया है। इस वर्ष भी 51 कोटने निःशुल्क सार्जनिक स्थलों पर स्थापित किए जाने है। इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष डी एल देवांगन, ममता बुद्धन, सुधा पवार, नरेन्द्र तायवाड़े, उमा भट्टड, अंजु अलवर, लक्ष्मी झा उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### सीएम ने टॉपरों से फोन पर की बात

रायपुर, (दावा)। छत्तीसगढ़ में दसवीं-बारहवीं के नतीजे घोषित होने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दोनों कक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों से सीधे वीडियो काल पर बात कर बधाई दी। बच्चों के लिए अपने मुख्यमंत्री से इस तरह अचानक रुबरू होना बेहद आनंददायक अनुभव रहा। साय ने बच्चों से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में भी पूछा। अपने मुख्यमंत्री से सीधे वीडियो काल पर जुड़े भावविभोर बच्चों में से किसी ने आईएएस बनने, तो किसी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट, तो किसी ने बैंकिंग सेक्टर में जाने की योजनाएं बताई। सीएम साय ने उनकी हर मनोकामना पूरी होने की कामना की और उन्हें लगातार परिश्रम करते रहने को कहा। बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए मुख्यमंत्री ने बच्चों सहित उनके अभिभावकों और गुरुजनों को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि कल छत्तीसगढ़ में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित किये। जिसमें दसवीं में क्रमशः जशपुर की सिमरन शब्बा, गरियाबंद की होनिशा और जशपुर के ही श्रेयांश यादव टॉप थ्री में रहे। वहीं बारहवीं में क्रमशः महासमुंद की महक अग्रवाल, बलौदाबाजार की कोपल अम्बष्ठ और जशपुर की आयुषी गुप्ता व बलौदाबाजार की प्रीति टॉप थ्री में रहीं।

### पेंशनर्स एसोसियेशन की बैठक 13 को

राजनांदगांव (दावा)। पेशंनर्स एसो. छ.ग. प्रदेश की प्रदेश जिला, तहसील एवं नगर स्तरीय संगठनों की सामूहिक बैठक सोमवार दिनांक 13 मई 2024 को 12:30 बजे दिन से पेंशनर भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में रखी गई है। बैठक में प्रांतीय चुनाव कार्यक्रम की तैयारी की समिक्षा की जायेगी तथा 80 वर्ष के बदले 79 वर्ष पूर्ण होने पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेशंन मिलने संबंधी कार्यवाही पर भी चर्चा की जायेगी। नये सदस्यों को सम्मान पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया जायेगा। इस माह जिसका जन्मदिन है उनका जन्मदिन मनाया जायेगा तथा जो साथी हमसे बिछुड़ गये है उनको श्रद्धांजलि दी जायेगी और सदस्यता अभियान की समीक्षा की जायेगी। उक्त जानकारी नगर अध्यक्ष बी.टी. वाल्दे ने दी।

### अतीक-अशरफ हत्याकांड : टली सुनवाई, कोर्ट में नहीं हाजिर हुए गवाह, 24 मई को होगी अगली पेशी

प्रयागराज (आरएनएस)। अस्पताल परिसर में मारे गए अतीक अहमद और भाई अशरफ की हत्या मामले में होने वाली सुनवाई फिर एक बार टल गयी है। अगली सुनवाई 24 मई को होगी। मामले में तीनों आरोपित शूटर चित्रकूट जेल में बंद है। जिनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में कराई गयी। बहुचर्चित अतीक अशरफ हत्याकांड के विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई शुक्रवार को जिला न्यायालय में फास्ट ट्रैक कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराई गई। हत्याकांड के तीनों आरोपी लवलेश तिवारी सनी उर्फ मोहित सिंह और अरुण मौर्य की पेशी चित्रकूट जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के पेश हुए। तीनों शूटरो पर हस्ताक्षर कराए जाने के लिए कोर्ट से आदेश जेल भेज चुका है। शुक्रवार को पेशी के दौरान फिर एक बार गवाह पेश नहीं हो सके। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी मृत्युंजय त्रिपाठी के मुताबिक पूर्व तारीख पर गवाह पेश नहीं हो पाए थे। इसलिए अदालत ने गवाही के लिए 10 मई की तारीख दी थी। आज सुनवाई फिर टल गई है। इस मामले में अगली सुनवाई 24 मई को की जाएगी।

# भाजपा सरकार में शराब की कोचियागिरी शुरू : धनंजय सिंह ठाकुर

## आबकारी विभाग को कोचिया प्रति पेटी 200 रूपये देकर गांव-गांव शराब बेच रहे

राजनांदगांव(दावा)। जिले में शराब दुकान के स्टिंग ऑपरेशन के खुलासा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपाई शराब तस्करी कर रहे। सैया भैये कोतवाल तो डर किस बात का जब मुख्यमंत्री के पास ही आबकारी विभाग है।

ऐसे में अवैध शराब के धंधे करने वाले पर कार्यवाही कौन करेगा? पूर्व मुख्यमंत्री के क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार तेजी से फल फूल रहा है। शराब दुकान में की गई स्टिंग ऑपरेशन से उसका खुलासा हो गया है। भाजपा सरकार में शराब की कोचियागिरी फिर शुरू हो गई है। आबकारी विभाग ने शराब कोच्चियों के लिए रेट फिक्स कर दिया है। प्रति पेटी 200 रूपये अतिरिक्त आबकारी विभाग को दो और जितना चाहे उतना पेटी शराब दुकान से लो और गांव-गांव में बेचो। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा का शराब के प्रति प्रेम 15 साल के रमन सरकार के दौरान भी दिखता है और अब फिर 4 महीने में ही शराब से अवैध कमाई का काला खेल फिर शुरू हो गई है। रमन सरकार के दौरान कैबिनेट की बैठक में दो मंत्री भिड़ गए थे कि शराब से आने वाली 1500 करोड रुपए की अतिरिक्त कमाई किस खाते में जाएगा। पूरा प्रदेश ने देखा था अब एक बार और शराब का काला खेल शुरू हो गया।



प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जो भाजपा शराबबंदी के नाम से सवाल उठाती थी, आज वहीं भाजपा की सरकार गांव-गांव में शराब बेचने की दिशा में काम कर रही है। कांग्रेस के सरकार में अवैध शराब पर सख्ती से रोक लगा था। शराब की दुकान काम की गई थी और शराबबंदी की दिशा में प्रयास किया गया था। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा की राज में माफिया फलते फूलते हैं। 15 साल के भाजपा सरकार के दौरान रेत माफिया, शराब माफिया, भू-माफिया, सूदखोर माफिया सक्रिय थे, जो 5 साल में खत्म हुआ था। अब फिर वह सिर उठाकर सामने आ गए हैं। भाजपा का तस्करों के साथ पुराना रिश्ता है।

### पीडिया इलाके में नक्सलियों से मुठभेड़ जारी

बीजापुर-रायपुर। नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। गंगालूर थाना क्षेत्र के पीडिया इलाके में लगातार मुठभेड़ी जारी है। सूचना मिलने पर जवानों की संयुक्त टीम गुरुवार रात को ही सर्चिंग के लिए निकल गई थी। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह से माओवादियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ चल रही है। इसको लेकर एसपी ने बताया कि, मुठभेड़ चल रही है और जवानों से संपर्क होने पर ही पूरी जानकारी दी जाएगी। बता दें, कुछ महीने पहले पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जवानों ने 2 नक्सलियों को मार गिराया था। मारे गए नक्सलियों की लाश के साथ हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए थे।

# राज्यपाल ने हाईस्कूल और हायर सेंकेण्डरी परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

रायपुर (आरएनएस)। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आज जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड के नतीजों में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि विद्यार्थियों ने जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है, जो उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है।



उन्होंने समस्त छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि वे भविष्य में इसी तरह निरन्तर आगे बढ़ते रहें और अपने परिवार, राज्य और देश का नाम रोशन करें। श्री हरिचंदन ने कहा है कि विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनके गुरूजनों और माता-पिता का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है, मैं इसके लिए उन्हें भी बधाई देता हूं।

उन्होने इन परीक्षाओं में अनुतीर्ण विद्यार्थियों को हताश न होने की समझाइश दी और अगली बार दुगने उत्साह से, मेहनत से पढ़ाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि असफलता से ही सफलता का रास्ता खुलता है।

# महारानी लक्ष्मीबाई शा. आदर्श कन्या उच्च. माध्य. शाला का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर के द्वारा आयोजित सत्र 2023-24 के दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव की छात्राओं ने बहुत ही अच्छे अंक प्राप्त किये है। कक्षा दसवी में कुल 153 छात्राएँ में से 112 छात्राएँ उत्तीर्ण हुई।

कक्षा दसवीं में प्रथम श्रेणी में 47, द्वितीय श्रेणी में 54 तथा तृतीय श्रेणी में 11 छात्राएँ उत्तीर्ण हुई। शाला में प्रथम पर स्थान कु. निधी निषाद/पिता संजय निषाद 90.1 प्रतिशत, द्वितीय कु. नूतन साहू/पिता लुटु साहू 86.5 प्रतिशत तथा कु. रितिका राणा/पिता भबतोष राणा 86.1 प्रतिशत है। दसवीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 73.20 प्रतिशत है। कक्षा बारहवी में कुल 178 छात्राएँ में से 157 छात्राएँ उत्तीर्ण हुई। प्रथम श्रेणी में 73, द्वितीय में 75 तथा तृतीय श्रेणी में 9 छात्राएँ उपस्थित हुई। कक्षा बारहवीं का 87.22 उत्तीर्ण प्रतिशत है। शाला में प्रथम स्थान पर कु.सानिया परवीन 82.27 प्रतिशत के साथ रही। कला संकाय में प्रथम स्थान नैना देवागन/पिता मनोज देवागन 78.40 प्रतिशत द्वितीय स्थान खुशी सिन्हा/पिता दुर्गा राम सिन्हा 77.60 प्रतिशत तृतीय स्थान वीणा साहू पिता चदन साहू 76.60 प्रतिशत है। वाणिज्य संकाय प्रथम स्थान सानिया परवीन पिता सईद खान 8227 प्रतिशत द्वितीय स्थान तुन्नु बसोड/पिता विनोद बंसोड 75.8 प्रतिशत तृतीय स्थान ईशा पाठक/पिता महेशचंद्र 74.8 प्रतिशत है। विज्ञान संकाय प्रथम स्थान प्रीती बसोड़/पिता रवि बसार 72 प्रतिशत द्वितीय स्थान नंदिनी/ पिता रामेश्वर 70 प्रतिशत तृतीय स्थान भावना चांदने/पिता शेष नारायण चांदने 69.2 प्रतिशत है।

छात्राओं की इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ के द्वारा छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं एवं बधाईयां दी गई।

# प्याऊ घर सेवा के लिए स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स हुए सम्मानित




राजनांदगांव (दावा)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव श्री कैलाश कुमार सोनी एवं जिला शिक्षा अधिकारी व जिला आयुक्त स्काउट श्री अभय जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले के 9 स्थलों पर नागरिकों के लिए ग्रीष्मकालीन प्याऊ घर सेवा 9 अप्रैल से 9 मई 2024 तक उपलब्ध कराई गई। जिसके अंतर्गत रौनक कैटर्स एण्ड टेन्ट हाउस, जिला सतनामी सेवा समिति, त्रिशंख मण्डल राजनांदगांव, गट्टानी परिवार डोंगरगढ़, सोमनी वस्त्रालय, सोमनी इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर के सहयोग से महावीर चौक, नया बस स्टैण्ड, संत कंवरराम चौक, ठाकुर प्यारेलाल चौक, हरदुवा मुख्य मार्ग, यात्री प्रतीक्षालय सकुलदैहान, सोमनी बस स्टॉप, नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के सामने प्याऊ घर सेवा उपलब्ध कराई गई। प्याऊ घर सेवा संचालन में स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स की सराहनीय भूमिका रही।

प्याऊ घर सेवा कार्य के लिए श्रीमती बी संगीता राव, जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्योहारे, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्रीमती उषा चटर्जी, नोडल स्काउट गाइड श्री प्रशांत चितवरकर, श्री नितिन हिरवानी, श्रीमती अंबिका देवांगन एवं 100 स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित एवं उत्साहवर्धन किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरगी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानपुरी, महंत राजा बलराम दास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेट स्कूल, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर, महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदुवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उपरवाह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्टेशन मुढ़ीपार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघेरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पदुमतरा, वेसलियन हिंदी मीडियम स्कूल, ठाकुर प्यारेलाल सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमनी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकुलदैहान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलगांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुन्दा, शाकसीय हाई स्कूल भण्डारपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़, आम्बेडकर ओपन रोवर क्रू सरोजनी ओपन रेंजर टीम डोंगरगढ़ के स्काउट रोवर ने सेवा कार्य किया।

इस कार्य में नोडल स्काउट गाइड जिला मुख्यालय आयुक्त गाइड श्रीमती उषा चटर्जी, जिला सचिव देवेंद्र अम्बादे, मयूख श्रीवास्तव, रमेश दास साहू, रामलाल चन्द्रवंशी, जीपी नेताम, राजेश साहू, राजाराम देवांगन, हेमंत देशमुख, श्रीमती सुशीला नेताम, नीरेन्द्र नीलम साहू, श्रीमती आरती साहू, श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती सोमिन साहू, सुश्री अंजली वैद, श्रीमती मनीषा भीमटे, श्रीमती शीला गुप्ता, श्रीमती भारती रजक, श्रीमती सीमा सिंह, श्रीमती ललिता पगारे, राकेश भावते, राकेश रामटेके, कमलेश्वर साहू, जनोहर वर्मा, डीडी साहू, नीलकंठ धुर्वे की सक्रिय सहभागिता रही।

# सीएम साय ने पूर्व सीएम बघेल पर साधा निशाना; बोले- केंद्र की योजनाओं से प्रदेश की जनता को वंचित रखा



रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर जमकर निशाना साधा है। सीएम साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार कभी किसी से भेदभाव नहीं करती है। पिछली कांग्रेस सरकार के साथ भी कोई भेदभाव नहीं था। उन्होंने पूर्व सीएम पर आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश बघेल की सरकार नहीं चाहते थे कि केंद्र की योजनाओं का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को मिले। उनकी सोच थी कि इसका श्रेय भाजपा और मोदी को चला जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में 18 लाख गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हो गए। यहीं हाल राष्ट्रीय राजमार्ग और आयुष्मान योजना का रहा। इन योजनाओं को पूर्व सरकार ठीक से लागू नहीं कर पाई इसलिए उन्हें सरकार से हाथ धोना पड़ा है।

सीएम साय ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि जब अटल प्रधानमंत्री थे, तब मैं पार्लियामेंट में था। उसी समय उन्होंने एक नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ को एक नए प्रदेश के रूप में पहचान दी। अटल की भाषा शैली को विपक्ष के लोग भी उत्साह से सुनते थे। कुशल समन्वयक थे। सबको साथ लेकर चलते थे। 23 पार्टियों के साथ मिलकर उन्होंने सरकार चलाई। किसानों के हित में कई कार्य किए। जो किसान पहले ज्यादा ब्याज दरों पर कर्ज के बोझ तले परेशान थे उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कम ब्याज में कर्ज देने का काम अटल सरकार ने किया। फसल बीमा जिसका पहले केवल नाम सुनते थे उसको सरल बनाया, जिसका फायदा भी किसानों को मिला।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
4-6-8
668-0 489-1
राजधानी
1-5-7
169-6 266-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

E-Court N0.-202405090400001
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम-गठुला, प.ह.नं. -30 तहसील व जिला राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण श्रीमती योगिता कुमारी पति स्व. खेमप्रकाश एवं अन्य-02, निवासी मित्तल रेसीडेन्सी, जगबंधु कॉलोनी, सोनारी, जमशेदपुर जिला पूर्वी सिंहभूम, झारखण्ड द्वारा ग्राम-गठुला, प.ह.नं.-32 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि बी-1 खाता क्र.150 में दर्ज भूमि खसरा नं. 609, 616, 618/1 शामिल 618/2, 618/3 रकबा क्रमशः 1.053 हे., 1.943 हे., 0.809 हे. कुल खसरा नं. 03 कुल रकबा 3.805 हे. भूमि के भूमिस्वामी खेमप्रकाश आ. मयाराम की मृत्यु दिनांक 20/09/2023 को हो जाने उपरान्त छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत् फौती हक में नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु ऑनलाईन भुंईया के माध्यम से आवेदनमय तलवाना, बी-1 नकल की प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे पेशी दिनांक 17/05/2024 तक लिखित में मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित पेशी तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतएव उक्त ईश्तहार आज दिनांक 01/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 01/05/2024
सुनवाई दिनांक 17/05/2024

**नायब तहसीलदार राजनांदगांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202404090100011/-21**
विषयः-अ-21 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सनः-2023-2024
जारवाही (प. ह. नं. 00007),
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- धूरसिंह
अनावेदक पक्षकार छ. ग. शासन

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री धूरसिंह आ. श्री चौवाराम गांवी, जाति गौड़, निवासी ग्राम कोपेडीह, पोस्ट टेडेसरा, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के नाम एवं स्वामित्व की ग्राम जारवाही, प.ह.नं. 7, रा.नि.मं. तुमडीबोड़, तहसील-डोंगरगांव स्थित भूमि खसरा नं. 277/2 रकबा 0.0450 है. भूमि को निवास ग्राम से अन्य ग्राम में स्थित होने से कृषि कार्य करने में कठिनाई होने तथा बैंक से लिये गये ऋण की अदायगी करने हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो पेशी दिनांक 22.05.2002 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 08.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/05/2024 को जारी किया जाता है।

सील

**नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

**बेदखलनामा**

मैं, श्रीमती नीलिमा रामटेके पति ताराचंद रामटेके मेरे कुल तीन संतान है।
1. तुषार रामटेके उम्र 33 वर्ष
2. दिव्यांशु रामटेके उम्र 30 वर्ष
3. दिशांत रामटेके उम्र 30 वर्ष
मैं श्रीमती नीलिमा रामटेके आज दिनांक 10.5.2024 से अपने बड़े बेटे तुषार रामटेके एवं उसकी पत्नी श्रीमती प्रिया बोरकर को अपने समस्त चल अचल संपत्ति एवं समस्त अधिकारों से बेदखल करना चाहती हूँ।
आज दिनांक से मेरे बेटे तुषार रामटेके एवं उसकी पत्नी श्रीमती प्रिया बोरकर का मुझसे या मेरी चल/अचल संपत्ति पर कोई भी हक/हिस्सा/अधिकार नहीं रहेगा।

**श्रीमती नीलिमा रामटेके**
पति- ताराचंद रामटेके
निवासी म. नं. डी-37, सनसिटी कॉलोनी राजनांदगांव (छग)

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार भीड़ भरा चौथा सप्ताह रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बी.ए. फाईनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अंजली चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm bookmyshow
SILVER SCREEN MULTIPLEX
10th May to 16th May 2024
silver SCREEN




Kingdom of The Planet of The Apes (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm




Srikanth - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# धन शोधन मामले में हेमंत सोरेन को नहीं मिली राहत, सुप्रीम कोर्ट अगले सप्ताह करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)। उच्चतम न्यायालय ने झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तीन माह से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को भी कोई राहत नहीं दी और कहा कि उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर वह अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।**

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने इस मामले में तीन मई के उच्च न्यायालय के आदेश का संज्ञान लेते कहा कि सोरेन की अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत में दायर याचिका (सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रहने की अवधि को देरी का आधार बनाकर दायर की गई थी) का अब कोई अर्थ नहीं रहा। पीठ ने अनुच्छेद 32 के तहत दायर उस याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय की ओर से याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती देने वाली सोरेन की गुहार पर वह अगले सप्ताह विचार करेगी।

झारखंड उच्च न्यायालय ने सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका तीन मई को खारिज कर दी थी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 32 के तहत दायर सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए 29 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया था। साथ ही, शीर्ष अदालत ने यह भी कहा था कि उच्च न्यायालय यदि चाहे तो छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह से पहले कोई आदेश पारित कर सकता है।

न्यायमूर्ति खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने 29 अप्रैल को यह आदेश पारित करते हुए इस मामले को तब अगले छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में तब कहा था कि इस बीच (छह मई से शुरू होने वाले सप्ताह के अंदर) झारखंड उच्च न्यायालय (जिसने इस मामले में 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख



लिया था) चाहे तो कोई आदेश पारित कर सकता है।

दो सदस्यीय शीर्ष अदालत की इस पीठ के समक्ष 28 अप्रैल को पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने 24 अप्रैल को भी झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी ओर से अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था। सिब्बल ने पीठ के समक्ष 'विशेष उल्लेख' के दौरान कहा था कि इस मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय ने 27 और 28 फरवरी को की थी, लेकिन अभी तक (24 अप्रैल) कोई आदेश पारित नहीं किया गया है।

पीठ के समक्ष उन्होंने कहा था कि उच्च न्यायालय के आदेश पारित कराने में देरी का मतलब यह होगा कि पूर्व मुख्यमंत्री लोकसभा चुनाव के दौरान जेल में ही रहेंगे। उन्होंने दलील दी थी कि उच्च न्यायालय की ओर से इस मामले में कोई आदेश पारित करने में देरी के बाद सोरेन ने अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत के समक्ष याचिका दायर की थी। ईडी ने 31 जनवरी 2024 को सोरेन को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के मद्देनजर उसी दिन उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया था।

राज्य की एक विशेष अदालत ने एक फरवरी को उन्हें एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था, जिसकी अवधि समय-समय पर बढ़ाई गई। उन्होंने तब राहत की गुहार लगाते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली थी। उनकी याचिका दो फरवरी को खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने तब (दो फरवरी को) याचिका खारिज करते हुए सोरेन को अपनी जमानत के लिए झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा था। शीर्ष अदालत की पीठ ने याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे सिब्बल से पूछा था, आपको उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाना चाहिए? अदालतें सभी के लिए खुली हैं।

विशेष पीठ ने वकील से यह भी कहा था, उच्च न्यायालय भी संवैधानिक अदालतें हैं। यदि हम एक व्यक्ति को अनुमति देते हैं तो हमें सभी को अनुमति देनी होगी। सोरेन की ओर से वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने भी दलील दी थी। उन्होंने कहा था कि शीर्ष अदालत को मामले पर विचार करने का समवर्ती क्षेत्राधिकार मिला हुआ है।

वहीं, सिब्बल ने कहा था कि यह अदालत हमेशा अपने विवेक का इस्तेमाल कर सकती है। पीठ पर इन दलीलों का कोई असर नहीं पड़ा था और उसने सोरेन की याचिका खारिज कर दी थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी याचिका में गुहार लगाते हुए अपनी गिरफ्तारी को अनुचित, मनमाना और उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन घोषित करने का अनुरोध शीर्ष अदालत से किया था।

## परशुराम भगवान की पेन्टिंग

**भिलाई (दावा)। भगवान परशुराम जयंती पर छत्तीसगढ़ के प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने माता रेणुका शीरच्छेद के हृदयविदारक दृश्य की पेन्टिंग का निर्माण किया है।**



विशिष्ठ कलाशैली में उनके द्वारा कालजयी कृतियों के चित्रण पर दक्षिण कोसल विमर्श रायपुर से डॉ. शुभ्रा रजक, जाकिर खान, ललित कला अकादमी सृजन के लिए साधक समूह के प्रसिद्ध चित्रकार बी.एल.सोनी, शत्रुघन स्वर्णकार, ध्रुव तिवारी, विजय शर्मा, ब्रजेश तिवारी, गिरजा निर्मलकर, राजू कल्याण, श्वेता पद्मशाली, खैरागढ़ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर कपिल वर्मा, साहित्यकार मेनका वर्मा, कला साहित्य मित्र समूह से पीपी विश्वास, मणिमय मुखर्जी, श्रीकांत तिवारी, डॉ.सरिता श्रीवास्तव एवं डॉ. अंकुश देवांगन ने बधाई दी है।

ज्ञात हो कि परशुराम स्वयं भगवान विष्णु के अवतार थे जिनकी जयंती पर देश भर में अक्षय तृतीया पर्व भी मनाया जाता है। चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने विष्णु पुराण के अनुसार चित्र में दर्शाया है कि परशुराम के पिता जमदग्नि एक महान तपस्वी ऋषि थे। वह अपने पिता की देवतुल्य पूजा करते थे। एक दिन उनके पिता ने पितृप्रेम की परीक्षा लेने के लिए विलंब कर रही उनकी माता रेणुका के संहार को कहा। उनके चारो भाईयों ने मना कर दिया लेकिन परशुराम अपने पिता की महानता को जानते थे, वे यह भी जानते थे कि इस कारण का भी कोई कारण होगा। उन्होंने पिता की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए अपने फरशे से माता का शीरच्छेद कर दिया।

पिता के आदेश को भगवान से भी ज्यादा मानने के कारण प्रसन्न होकर पिता जमदग्नि ने उन्हें मनचाहा वरदान मांगने को कहा। तब परशुराम ने अपनी माता को पुनर्जीवित करने और उनके माता तथा भाईयों को इस घटना की जानकारी न हो इसकी भी मांग की। जिस मांग को उसके तपस्वी ऋषि पिता ने तुरंत पूर्ण कर दी और उनके पितृभक्ति से अत्यन्त प्रसन्न हुए।

## अशोका ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में पुरस्कार वितरण समारोह



राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक समूह अशोका ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के तत्वाधान में विगत दिनों आयोजित वार्षिक खेल स्पर्धा का पुरस्कार वितरण दिनांक 10 मई 2024 को एक गरिमामयी समारोह के रूप में आयोजित किया गया। उक्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गजानन शिक्षा समिति के अध्यक्ष संतोष बोदुन सचिव कमलनारायण चन्द्राकर एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में वेद कन्प्युटर गुंडरदेही के संचालक बेदप्रकाश साहू उपस्थित थे। उक्त आयोजन में अशोका औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित विभिन्न खेल स्पर्धाओंए जैसे कैरमए चेस, बॉलीबाल, क्रिकेट, कबड्डी मेहदी एवं रंगोली आदि में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किये प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र मेडल एवं प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं स्कील डेव्हलपमेन्ट प्रोग्राम के अंतर्गत चल रहे विभिन्न रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम जैसे क्क्हस्ट॥द्वारा संचालित क्क्रद्धष्ठतश्च प्रोग्राम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को प्रशिक्षण उपरांत सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर ने सभी आगत अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों, संगठनों और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया



खैरागढ़ (दावा)। रायपुर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोकसेवी संस्थाओं और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। रीना बाबासाहेब कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति भी आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने मतदाताओं को जागरुक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी लोगों, शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में इस बार लोकसभा चुनाव के मतदान प्रतिशत में 1.31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए तीन चरणों में हुए मतदान में यहां के कुल 72.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह प्रदेश में हुए अब तक के लोकसभा चुनावों में मतदान का सर्वाधिक प्रतिशत है।

## ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट खुले, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा




रुद्रप्रयाग। विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट जय बाबा केदारनाथ के उदघोष और सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट की बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच इस यात्रा वर्ष शुक्रवार को ठीक 7 बजे विधि-विधान से खुल गए हैं। इस मौके पर दस हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट खुलने के गवाह बने।

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी और देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की। सीएम ने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा नया कीर्तिमान बनाएगी। प्रदेश सरकार तीर्थयात्रियों की सभी सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान सात हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट खुलने के साक्षी बने। मंदिर को 20 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया था। कपाट खुलते समय तीर्थयात्रियों पर आसमान से हैलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की गई।

मुख्य सेवक भंडारा कार्यक्रम समिति ने श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए गए। केदारनाथ में मौसम भी साफ है। कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत गुरुवार शाम को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव मूर्ति पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से विभिन्न पड़ावों गुप्तकाशी, फाटा, गौरीकुंड से होते हुए केदारनाथ धाम पहुंची थी। शुक्रवार तड़के चार बजे से मंदिर परिसर और दर्शन पंक्ति में यात्रियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, रावल भीमाशंकर लिंग, मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिंह पुजारी, धर्माचार्य वेदपाठी तथा केदार सभा के पदाधिकारी तथा जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार प्रशासन के अधिकारी पूरब द्वार से मंदिर पहुंच गए। उसके पश्चात रावल धर्माचार्य तथा पुजारी गणों ने द्वार पूजा शुरू की। ठीक सुबह सात बजे बजे केदारनाथ धाम के कपट खोल दिये गये। कपाट खुलने के बाद भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप से श्रृंगार रूप दिया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दर्शन शुरू किये।

कपाट खुलने के अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बीते यात्राकाल में रिकॉर्ड तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंचे। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी। कार्यक्रम के अनुसार 6 मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भगवान भैरवनाथ की पूजा हुई थी। भगवान केदारनाथ की पंचमुखी भोगमूति 9 मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से विभिन्न पड़ावों से होते हुए केदारनाथ धाम पहुंची थी। 10 मई को ठीक प्रातः7 बजे केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिये गए। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया गया कि 11 मई को केदारनाथ धाम में श्री भकुंट भैरव मंदिर के द्वार खुलने के साथ केदारनाथ मंदिर में आरतियां एवं संध्याकालीन आरतियां शुरू हो जाएंगी।

## ईडी ने कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया

**रांची (आरएनएस)। रांची जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के दो कर्मी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में हजारीबाग के मुंशी डीड राइटर मो. इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और संजीत कुमार शामिल हैं। इन तीनों पर रांची में सेना के कब्जे वाली जमीन सहित कई भू-खंडों के फर्जी डीड तैयार करने के आरोप हैं। जांच में सामने आया कि झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी जिस जमीन को अवैध तरीके से हासिल करने के आरोप में हुई है, उसका भी फर्जी डीड इन लोगों ने मिलकर तैयार किया था।**




**जमीन घोटाला मामला**

ईडी की टीम तीनों आरोपियों को गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर रांची लाई। तीनों को शुक्रवार को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। जहां ईडी अदालत से तीनों को तीन रिमांड पर लेकर पूछताछ करने का आग्रह करेगी। बता दें कि जमीन घोटाले में ईडी ने 2023 में छापेमारी कर बड़ी संख्या में फर्जी डीड बरामद किए गए थे। जांच के दौरान इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि इनमें से कई जमीनों के मूल दस्तावेज कोलकाता स्थित रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के ऑफिस से गायब कर जमीन माफिया को दिए गए थे। इसके बाद इन दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर फर्जी डीड तैयार किए गए। इसके एवज में रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कर्मी तापस घोष को 21 लाख और संजीत कुमार को 8 लाख रुपए दिए गए थे। दस्तावेजों में बदलाव करने का जिम्मा हजारीबाग के डीड राइटर मो. इरशाद को दिया गया और उन्हें भी इसके लिए 8 लाख रुपये दिए गए थे। फॉरेंसिक जांच में भी फर्जी डीड तैयार किए जाने की पुष्टि हो चुकी है।

बता दें कि जमीन घोटाले में झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाई के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी कागजात तैयार करने के मास्टरमाइंड अफसर अली सहित एक दर्जन से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## 'तप' में प्रदर्शन नहीं आत्म दर्शन किया जाता है - मुनि श्री सुधाकर जी

### जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में सामूहिक प्रवचन हुआ



राजनांदगांव (दावा)। युग प्रधान गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनि श्री सुधाकर जी ने आज यहां सामूहिक प्रवचन सभा में कहा कि दो अक्षरों से बना छोटा सा शब्द 'तप', छोटा जरूर है किंतु इस पथ पर आगे बढ़ना बहुत कठिन है इस पथ पर आगे वही बढ़ सकता है जिसका आत्म बल सबल होगा। उन्होंने कहा कि 'तप' पर बोलना आसान है किंतु करना कठिन है। आज का दिन अक्षय तृतीया है और अक्षय तृतीया के दिन किया गया 'तप' टूटना नहीं चाहिए। जैन बगीचा स्थित उपाश्रय भवन में आयोजित सामूहिक प्रवचन सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 'तप' वह नहीं है जिसमें प्रदर्शन हो बल्कि 'तप' वह है जिसमें आत्म दर्शन किया जाता हो। तपस्या न कीर्ति के लिए की जाती है और ना ही मान के लिए की जाती है। तपस्या तो आत्मज्ञान के लिए की जाती है। उन्होंने कहा कि कहने और करने में फर्क यह है कि कहने में केवल जीभ हिलाना पड़ता है और करने में पूरा शरीर हिलाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सबसे आसान काम है उपदेश देना किंतु उस पर अमल करना बहुत कठिन है। जीवन में अगर करम रम जाए तो मुक्ति दूर नहीं है। अच्छे कर्मों का फल अच्छा होता है और बुरे कर्मों का फल बुरा होता है। भगवान ऋषभदेव एवं भगवान महावीर का दर्शन आत्मवाद का दर्शन है। मुनि श्री सुधाकर जी ने कहा कि कहा जाता है कि ईश्वर के बिना पत्ता भी नहीं हिलता किंतु जैन दर्शन में कहा जाता है कि आपकी इच्छा के बिना पत्ता भी नहीं हिल सकता। बनाना और मिटाना तो आदमी के हाथ में होता है। दृष्टि को बदलो तो सृष्टि बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि जैन श्रावक का आदर्श होना चाहिए कि वह रात्रि भोजन का त्याग करें। जिस दिन गुस्सा आए, उस दिन अपने प्रिय चीज का त्याग करें, मोबाइल को जितना हो सके अपने से दूर रखें। इससे पूर्व मुनि श्री तीर्थ प्रेमी जी महाराज ने कहा कि कर्म सत्ता बहुत ही शालीन है और कर्म अरिहंत भगवानों को भी नहीं छोड़ते। उन्होंने कहा कि जो जैसा कर्म करता है उसका फल उसे भुगतना ही पड़ता है। मुनि श्री नरेश जी ने भी गीत के माध्यम से लोगों को अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित किया।

## आयुक्त आज सुबह ग्रामीण वार्ड लखोली के विभिन्न क्षेत्रों व हल्दी में सफाई, पानी निरीक्षण कर निर्माण कार्य किया अवलोकन

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ प्रतिदिन प्रातः वार्डो में सफाई पानी व्यवस्था के साथ साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है।

निरीक्षक की कड़ी में आज सुबह ग्रामीण वार्ड लखोली के कुँआ चौक, दुर्गा चौक, सेठी नगर के अलावा हल्दी में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखे, हल्दी में अनुपस्थित कर्मचारी का हाजरी लगाने पर संबंधित ठेकेदार के चलित देयक से राशि कटौती के निर्देश वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा को दिये। उन्होंने कहा कि सफाई में इस प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जावेगी, संबंधित स्वच्छता निरीक्षक निगम वार्ड के साथ साथ ठेका वार्डो मे भी प्रतिदिन सफाई के साथ साथ हाजरी की जॉच करे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण वार्ड में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जावे, जिससे डेगू, मलेरिया व पीलिया जैसी बीमारी न फैले। उन्होंने दुर्गा चौक में सुलभ के पास की नाली की सफाई कराने, कटीली झाडिया काटने के निर्देश देते हुये कहा कि इन क्षेत्रों में नालियों की नियमित सफाई किया जावे। इसके अलावा उन्होंने सुलभ शौचालय में नियमित सफाई रखने के निर्देश दिये।



**हल्दी में अनुपस्थित कर्मचारी का हाजरी लगाने पर संबंधित ठेकेदार की राशि कटौती के दिये निर्देश**

निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान लखोली दुर्गा चौक में साहू समाज सामुदायिक भवन निर्माण, सीमेंट कांक्रिटींग रोड, कुँआ चौक में डामरीकरण, कोठार पारा में मंच निर्माण, सेठी नगर में सीमेंट कांकिटींग रोड निर्माण व संजय नगर में नाली निर्माण कार्य का जायजा लेकर समय सीमा में काम पूर्ण कराने, प्रतिदिन तराई कराने प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव को निर्देश दिये। उन्होंने सेठी नगर में खराब सीमेंट कांक्रिटींग रोड निर्माण पर पुनः एक लेयर करने संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसी प्रकार संजय नगर में नाली निर्माण में बेस खराब होने पर नोटिस जारी कर ठीक कराने निर्देशित किये। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली। संबंधित अधिकारी ने कहा कि ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया है। आयुक्त ने कहा कि अंतिम नोटिस जारी कर, कार्य ठीक करावे तथा ठीक होने उपरांत ही भुगतान की कार्यवाही करें।

इसी प्रकार आयुक्त ने हल्दी में ईटा भठ्ठा रोड में स्कूल के पास सामुदायिक भवन निर्माण, मुक्तिधाम व उद्यान निर्माण, सिंघोला रोड में नाला निर्माण, यात्री प्रतिक्षालय व सीमेंट कांक्रिटींग रोड निर्माण की धीमी गति पर ठेकेदार को कार्य में गति लाने, नियमित रूप से कार्य की मानिटरिंग करने के निर्देश संबंधित उप अभियंता को दिये। उन्होंने स्कूल के पास व भवरमरा रोड में सुलभ शौचालय का मरम्मत कराने व पानी की व्यवस्था करने तथा सेठी नगर व हल्दी स्कूल के पास के जर्जर सुलभ शौचालय के पुनः निर्माण के लिये शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने पानी के संबंध में लोगों से जानकारी लेकर तकनीकि अधिकारियों से कहा कि संबंधित क्षेत्र में पानी की जॉच करें और कम पानी व गंदा पानी आने की शिकायत का त्वरित निराकरण करें।

निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू व सुश्री आयुषी सिंह, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, प्र.पटवारी मिलिंद रेड्डी सहित निगम का अमला उपस्थित था।

## अनमोल दावा

> व्यक्ति जो चाहे बन सकता है यही वह विश्वास के साथ इच्छित वस्तु पर लगातार चिंतन करे।

## उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग से भारी नुकसान, सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत

पिछले कई दिनों से वहां आग पर काबू पाने के लिए हेलिकाप्टर के प्रयोग सहित कई अन्य उपाय आजमाए जा रहे हैं। जाहिर है, फिलहाल सबसे पहली प्राथमिकता जंगल क्षेत्रों में लगी आग को फैलने से रोकना और बुझाना है, ताकि नुकसान का दायरा कम किया जा सके।

उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग से हर वर्ष भारी नुकसान होता है। मगर लगातार ऐसी घटना के बावजूद सरकार और संबंधित महकमों को इस बात की सुध लेने की जरूरत नहीं लगती कि इसे रोकने के लिए क्या इंतजाम किए जाएं। जंगल में आग लगने से बचाव की फिक्र में औपचारिक तौर पर जो कदम उठाए जाते हैं, उसकी हकीकत इसी से समझी जा सकती है कि इस वर्ष फिर नैनीताल के आसपास के जंगल में लगी आग की वजह से बड़े क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ।

पिछले कई दिनों से वहां आग पर काबू पाने के लिए हेलिकाप्टर के प्रयोग सहित कई अन्य उपाय आजमाए जा रहे हैं। जाहिर है, फिलहाल सबसे पहली प्राथमिकता जंगल क्षेत्रों में लगी आग को फैलने से रोकना और बुझाना है, ताकि नुकसान का दायरा कम किया जा सके। इसलिए यह देखने की जरूरत है कि पहाड़ी इलाकों में स्थानीय जरूरतों के अनुकूल किस तरीके से आग को बुझाया जा सकता है। मगर इतना तय है कि जिन इलाकों में जंगल धधक रहे हैं, उनमें वन संरक्षण के लिए तैनात कर्मचारियों ने शायद अपनी ड्यूटी ठीक से निभाई होती तो समस्या को गंभीर शक्ल लेने से रोका जा सकता था।

सवाल है कि धधकते जंगलों के संकट की जिम्मेदारी तय करना कब संभव हो सकेगा! फिलहाल आग बुझाने के काम में लापरवाही बरतने के आरोप में दस वनकर्मियों के निलंबन के साथ कुल सत्रह लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। माना जाता है कि जलवायु में बढ़ते तापमान और पर्यावरण असंतुलन की वजह से दुनिया भर के जंगलों में आग लग जाती है और उसमें व्यापक पैमाने पर जानमाल का नुकसान होता है। मगर इसके समांतर वनाग्नि की कुछ घटनाएं ऐसी भी हैं, जिनमें वन संरक्षण की ड्यूटी में तैनात कर्मचारी और अधिकारियों ने सही समय पर आग से बचाव के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाया। यह भी खबर आई कि वहां कुछ उत्पाती तत्त्वों को जंगल में आग लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। इससे यह पता चलता है कि जंगल में आग लगने की घटनाएं केवल प्राकृतिक ही नहीं है, बल्कि इसमें कुछ अपराधी तत्त्व भी शामिल हैं। जाहिर है, वनाग्नि की घटनाओं से निपटने के लिए सरकार को सभी चिह्नित पहलुओं के मद्देनजर ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

# मालदीव के विदेश मंत्री भारत आए, क्या ये रिश्तों को सुधारने की कोशिश है?

**दीपक मंडल**

भारत से तनावपूर्ण रिश्तों के बीच मालदीव के विदेश मंत्री आज यानी 9 मई को नई दिल्ली में रहेंगे.मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी की डेडलाइन से एक दिन पहले विदेश मंत्री मूसा ज़मीर के भारत आने को दोनों देशों के मौजूदा रिश्तों में एक नए मोड़ की तरह देखा जा रहा है.मूसा ज़मीर की भारत यात्रा से पहले मालदीव के पर्यटन मंत्री इब्राहिम फ़ैसल भारतीय पर्यटकों से मालदीव आने की अपील कर चुके हैं. उन्होंने कहा है कि भारत और मालदीव के रिश्तों का इतिहास रहा है. भारत ने पहले भी उनके देश की मदद की है और एक बार फिर दोनों देश मिल कर काम करना चाहते हैं.दरअसल इसी साल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर मालदीव के कुछ अधिकारियों की आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद भारतीय पर्यटकों के बीच च्मालदीव बायकॉटज् का अभियान चला था. इसके बाद वहां जाने वाले भारतीयों की संख्या काफी घट गई है.

जनवरी 2023 में मालदीव पहुंचने वाले पर्यटकों में भारतीय रूसियों के बाद दूसरे स्थान पर थे. लेकिन विवाद के बाद जनवरी 2024 में भारतीय पर्यटकों की संख्या घट कर पांचवें नंबर पर आ गई.मालदीव की जीडीपी में पर्यटन की हिस्सेदारी 30 फ़ीसदी है. साथ ही उसकी 60 फ़ीसदी विदेशी मुद्रा पर्यटन उद्योग से ही आती है.लिहाज़ा भारतीय पर्यटकों को अपने यहां आने की उसकी अपील को उसकी गिरती अर्थव्यवस्था संभालने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है.साथ ही मालदीव के विदेश मंत्री की इस यात्रा को भी भारत से रिश्ते सुधारने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है. मालदीव ने भारत के साथ संघर्ष की स्थिति खड़ी कर ली है. अगले एक-दो साल में मालदीव भारत के प्रति नरम रवैया अपनाने वाला नहीं है. उल्टे वो भारत के ख़िलाफ नए-नए पैंतरे अपनाता रहेगा.क्या ये डैमेज कंट्रोल की मालदीव की फौरी रणनीति है या फिर भारत से रिश्ते बेहतर करने की उसकी दीर्घकालीन रणनीति का हिस्सा है? जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में चीनी अध्ययन केंद्र के एसोसिएट प्रोफेसर अरविंद येलेरी कहते हैं मालदीव इस समय क्या कर रहा है इसके बजाय पिछले कुछ समय से उसके भारत के प्रति रुख को देखा जाना चाहिए. वह कहते हैं,राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू की पार्टी का रुख भारत विरोधी है. पिछले साल नई सरकार आने के बाद मालदीव ने चीन के साथ अपने रिश्ते और पुख्ता किए हैं और बार-बार यह कहा है कि वो हिंद महासागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अहम ताकत है.येलेरी कहते हैं,मालदीव खुद को अगर हिंद महासागर या हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अहम खिलाड़ी मानता है तो उसे रणनीतिक परिपक्वता दिखानी चाहिए थी.लेकिन अपने रवैये से उसने भारत के साथ संघर्ष की स्थिति खड़ी कर ली है. ये उसके लिए ठीक नहीं है. वो कहते हैं,अगले एक-दो साल में मालदीव भारत के प्रति नरम रवैया अपनाने वाला नहीं है. उल्टे वो भारत के ख़िलाफ नए-नए पैंतरे अपनाता रहेगा. इस सवाल के जवाब में वह कहते हैं कि दो देशों के बीच संबंध कितने भी खराब हों लेकिन कूटनीति में ऐसे औपचारिक चैनल खोले रखने पड़ते हैं. मालदीव की ओर से ऐसा कोई बयान नहीं आया है, जिसे भारत-मालदीव संबंध को सामान्य बनाने में किसी बड़ी सफलता का संकेत माना जा सकता है. इस बीच, भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि मालदीव हिंद महासागर में उसका एक महत्वपूर्ण पड़ोसी है और विदेश मंत्री ज़मीर का दौरा दोनों देशों के बीच संबंधों को और मज़बूती देगा.




इससे पहले भारत ने मालदीव को अंडे,आलू, प्याज़, चीनी, गेहूं, दाल, नदी की रेत और स्टोन एग्रीगेटर जैसी चीज़ों का निर्यात बढ़ाने का एलान किया था. मालदीव के मामले में भारत ने अपनी ओर ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है जिससे उसे एक गैर जिम्मेदार ताकत कहा जाए. इससे भारत और मालदीव के रिश्तों में कड़वाहट को कम करने में मदद मिली है. इस सवाल पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी के नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कनफ्लिक्ट रिजॉल्यूशन के फ़ैकल्टी मेंबर प्रेमानंद मिश्रा कहते हैं कि मालदीव का पर्यटन मंत्रालय अभी नहीं बल्कि पिछले कुछ समय से लगातार अपने यहां भारतीय पर्यटकों को आने की अपील करता रहा है.वह कहते हैं, हाल के दिनों में मालदीव ने जिस तरह से भारतीय विरोधी रवैया अपनाया उसके बाद भारत की ओर से तीखी प्रतिक्रिया की आशंका थी. लेकिन भारतीय प्रतिक्रिया में सोशल मीडिया में दिखने वाली मालदीव विरोध की झलक नहीं थी. भारत का जवाब बड़ा संयत रहा है. प्रेमानंद मिश्रा कहते हैं,भारत ने अपनी ओर से ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है जिससे उसे एक ग़ैर-ज़िम्मेदार ताक़त करार दिया जाए. इससे भी भारत और मालदीव के रिश्तों में कड़वाहट को कम करने में मदद मिली है.

वह ये भी कहते हैं, भारत ने मुइज़्ज़ू के चीन समर्थक रवैये पर ज्यादा आपत्ति दर्ज नहीं की. दूसरे अब संसदीय चुनाव जीतने के बाद मुइज़्ज़ू के पास राजनीतिक स्थिरता भी है. इसलिए भी वो भारत से रिश्ते सुधारने की दिशा में आगे बढ़ते दिखते हैं. मुझे लगता है कि भारत में अगर दोबारा मोदी सरकार आती है तो मुइज़्ज़ू यहां आएंगे. हालांकि इससे पहले वो भारत आने की कोशिश कर चुके हैं. ये अलग बात है कि भारत ने ही उन्हें इसकी इजाज़त नहीं दी थी. मुइज़्ज़ू चीन समर्थक हैं और वहां पूर्व राष्ट्रपति और मोहम्मद सोलिह की पार्टी की मालदिवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीएपी) की भारत समर्थक नीतियों का विरोध करते रहे हैं.मुइज़्ज़ू च्इंडिया आउटज् के नारे के दम पर चुनाव जीते थे और उन्होंने राष्ट्रपति बनते ही पहले तुर्की और फिर चीन की यात्रा की थी. जबकि परंपरा के मुताबिक मालदीव का कोई भी राष्ट्रपति पहले भारत की यात्रा करता है.नवंबर 2023 में राष्ट्रपति बनते ही उन्होंने वहां तीन विमानों की देखरेख के लिए मौजूद 88 भारतीय सैनिकों को वापस जाने का फ़रमान सुना दिया. इस बीच दोनों देशों के रिश्तों में उस समय और तनाव देखने को मिला जब जनवरी 2024 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लक्षद्वीप की खूबसूरती की तारीफ़ करते हुए ट्वीट किए और कुछ वीडियो पोस्ट किए. इस पर मालदीव सरकार के तीन जूनियर मंत्रियों ने अपमानजनक टिप्पणियां की.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 144: बारात का अयोध्या के सीमावर्ती गांवों में प्रवेश और प्रजा द्वारा स्वागत अभिनंदन

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



पूर्व दिशा में एक बड़ा यात्री समूह दृष्टिगोचर हुआ।श्री राम की बरात ने वापस अयोध्या राज्य की सीमा में प्रवेश किया... अयोध्या के सीमावर्ती गांवों में इस बरात का भव्य स्वागत हुआ।

ग्रामवासियों में एकाधिक योजन तक विस्तृत इस यात्रा समूह को देखकर कौतूहल और अचरज का भाव था।एक गांव की सीमा में प्रवेश करते ही ग्रामीण बालिकाओं का एक दल यात्रा समूह के समीप पहुंच गया।

'सुना है, यह तो हमारे महाराज दशरथ के पुत्रों की बरात है जो मिथिला से वहां की राजकुमारियों को लेकर अयोध्या वापस लौट रही है।' एक सखी ने दूसरी से कहा।

'सचमुच कितनी भव्य बरात है।दूर-दूर तक रथों और सज्जित घोड़ों की कतारें हैं।' दूसरी सखी ने आश्चर्य प्रकट करते हुए कहा।

एक छोटी बालिका ने यात्रा समूह के मध्य भाग में चार सुसज्जित रथों की ओर संकेत किया,जिसमें सुनहरे रंग के परदे लगे हुए थे। ये विशेष रथ मिथिला राजवंश की राजकुमारियों के थे। सभी रथ आवृत्त थे और डोलीनुमा विशेष कक्ष के भीतर कौन बैठा है, यह बाहर से दिखाई नहीं देता था।

इन रथों के आसपास सुरक्षा प्रहरी अत्यंत सजगता के साथ अपने घोड़े पर सवार होकर चल रहे हैं। जनकपुरी में बरात के समय चारों भाई एक ही रथ पर आरूढ़ थे लेकिन यहां वे अलग-अलग खुले हुए रथों पर सवार थे और राजकुमारियों के रथों के लगभग साथ-साथ ही चल रहे हैं।

श्री राम के मुख पर स्मित हास है और वे पास आ रहे लोगों का कभी दोनों हाथ जोड़कर तो कभी अपना दायां हाथ हवा में लहराकर अभिवादन करते हैं या अभिवादन का प्रत्युत्तर देते हैं। श्री राम इस यात्रा समूह की सुरक्षा की आवश्यकता से उदासीन नहीं हैं, किंतु अपने हाव-भाव में सर्वाधिक सजग लक्ष्मण जी और शत्रुघ्न जी दिखाई देते हैं। अब मार्ग का घना वन क्षेत्र पार हो चुका है लेकिन इन दोनों योद्धाओं का चौकस रहना उनके उत्तरदायित्वपूर्ण व्यक्तित्व और किसी कार्य के प्रति गंभीरता को उजागर करता है। भरत जी भी श्री राम की तरह ही सौम्य हैं। इन दशरथ पुत्रों से प्रजा का व्यवहार देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि ये सभी राज परिवार के सदस्यों को पहचानते हैं और यह सच भी है क्योंकि महाराज दशरथ के साथ-साथ सभी राजकुमार एक निश्चित कार्यक्रम सूची के अनुसार प्रत्येक वर्ष कई बार प्रजा का सुख-दुख जानने के लिए उनके क्षेत्र के भ्रमण पर जाया करते हैं।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## सामयिक चर्चा

### लड़के बाजी नहीं, शान मारते हैं

खबर पढ़कर, खुश होकर
बानी बोले- ''गजाधर!
हमारे छत्तीसगढ़ में
दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में
इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी।
तो गजाधर! आज
यही जिज्ञासा है हमारी
कि लड़के क्यों पीछे रह जाते है?
क्या बात है कि वे
बाजी नहीं मार पाते हैं?''
गजाधर मुस्कराए बोले- ''बानी! देखो,
लड़कों को लड़कियों को चिढ़ाने में,
व्यंग्य कसने में, ताना मारने में,
बड़ा मजा आता है।
पढ़ाई-लिखाई बोझ लगती है
बाहर घूमने में और घर मोबाइल में
उनका समय बीत जाता हैं।
इसलिए बानी! वे परीक्षाओं में
बाजी नहीं मारते हैं।
खुद को बड़ा समझते हैं
और शान मारते हैं।



**गिरीश बख्शी**

# हवलदार घर अक्ति बिहाव के नेवता हे हो...



मैं कहु कि जिनगी के सबले सुखद अउ मनोहारी समुँहे हे त वो लइकई के दिन हे, ननपन म सब्बो झन उदबिरिस होथे वइसनेच महुँ रहेव फेर वतिक नहीं रहेव, मैं कभू खाना बनात सिगरी म फटका डाल देव त कभू जलत सिगरी म रेती, मोला सुरता तो नही हे फेर मैं अइसनेच करव कइके मोर चाची बताथे। नान-नान राहन त हमन कभू बईगा घलो बन जान 'देखा सीखी बाये लागे' मैं राख धर के फूंके ल घलो लग जांव, मोर मामी मन मोला भांचा जान के 'लेना खुशवा फूंक कहिके काहे!' अउ वहुँ मन टोकटे-टोकट नजर उतर गे काहे। ननपन के दिन ल जब जब हमन सुरता करथन तब तब हमर चेहरा खिल उठथे अउ मन म मुस्कान छोड़ जाथे, फेर जब जब हमन सुरता के संसार ले बाहिर आथन त मन करून भाव ले भर जथे अउ कहिथन कि 'वो लईकई के दिन घलो कतिक सुग्गर रहिस'।




अइसनेच लइकापन म बीते, मोला अक्ति तिहार के सुरता आथे, हमर नानी हर बछर हमर बर पुतरी पुतरा लेके रखे राहे, हमन खेलन घलो बिकट मज्जा आये फेर जब वो घरी के सुरता करबे तब आँखि म आँशु के सिवा कुछु नई राहे।

फेर ये परसंग मोर दुघेरा गांव, पोस्ट बेलरगोंदी, थाना गेंदाटोला तहसील छुरिया जिला नांदगांव के आये, मोर बबा छुरिया म हवलदार ले कतको बड़का पद मिलिस फेर गांव के मन हवलदार ही काहे, आज घलो जाबे त 'हवलदार घर अइसे होइस' कहिके कहिथे।

मैं खिलेस, देव, अंजली, मधु, चुन्नी, भारती, मोनिका, यामनी, कलसिया दीदी, अमरौतिन, अउ वोकर भाई संघरा जबर ढंग ले अक्ति बिहाव खेले रेहेन अउ उहि पइत ले गांव म बड़का रूप म पुतरी पुतरा बिहाव सुरु होगे जे आज घलो मनाथे। हमन नांदी मन म क्गज पसिया के सिथा ले चिपकाके बाजा बनाये राहन अउ उहि बाजा के टिन-टिन म हमन गांव भर हांका पार देन- 'हवलदार घर अक्ति बिहाव के नेवता हे हो'...

हांका ल सुन के सफा परोसी लइका सियान बुढ़वा मन सकलागे, हमन गुड़ाखु मंजन के डिब्बिया मन में मड़वा गढ़ाये रेहेन, पुतरी पुतरा ल सुग्गर सजा के टिकान बइठे रेहेन, लोग लइका संग गांव के आदमी मन घलो बिहाव मानिस। टिकान म सकलाये पइसा ले, बाद में हमन सब्बो झन नड्डा लेके खाये रेहेन। बढ़ सुरता आथे मोला वो घरी के...

उत्कर्ष कुमार सोनबोइर
ग्राम बेलरगोंदी, थाना गैंदाटोला
तहसील- छुरिया

## कविता

### || मंद मंउहा ले मायन नाचा ||

ढेंकी कुरिया मा ढेंरहा चुपे-चुप, चांटत हावय नून।
मिक्चर लाबे ढेंरहीन थोरकिन, मोर बात ला सुन।।
दूल्हा डउका संग मारत हावन, दूनों आधा-आधा।
सारा डेढ़ सारा सकबोन बने, सबो साढू साँझ कुन।।
बर बिहाव मा आवय मजा, जब मन लागय रुमझुन।
सोमरस येला कहिथे ढेंरहीन, जे पियाय पावय पुन।।
तेल हरदी मायन पहिली, हम ला चाही मउहा पानी।
कूलर पंखा गद्दा सुपेती, बेवस्था चाही झटकुन ।।
मउहा पानी के ढेंरहीन तोला ,कतेक बतावँव गुन ।
शेर नाचा नाचबो नंगत, जब बाजही नागिन धुन।।
होरी कस गदर मताबो, सूपा चरिहा घलो ठठाबो ।
खीरा गोंदली चनाये माढ़े, लिमऊ लाबे नानकुन।।
अंटियावत बरतिया जाबोन, हम रहिबोन नंगत टुन्न।
हमर मान ले हावे ढेंरहीन, सबो महूरत सबो सगुन।।
पउवा पानी ले सनमान, नइ ते हो जावय अपमान।
चड्डी घलो झन बांचय चाहे, उतरय धोती पतलून ।।



**रोशन साहू (मोखला)**
7999840942

## कविता

### समस्या का समाधान


जीनव निर्झर के दो किनारे,
सुख और दुख,
जहाँ दुःख है वहाँ, समस्या है
जहाँ सुख है वहाँ समाधान है
आदमी का जन्म बंधे हुए मुठ्ठी से
जब संसार छोड़ता, तो खाली हाथ जाता
जहाँ समस्या है वहाँ रखें धैर्य।
समस्याओं का होता है समाधान,
परिश्रम से, लबन से, साफ दिल से,
समस्या तो रोजाना आता है,
डरना नहीं, मुकाबला करें,
संतान की समस्या, दाम्पत्य जीवन की समस्या,
भाई-भाई की समस्या, पुत्री-दामाद की समस्या,
दहेज के दानव की समस्या, दो पक्षों के संबंध की समस्या।
समस्याओं का अंत नहीं, समाधान एक कठिन संघर्ष
संतान को पढ़ाएँ उसके साथ बनें बच्चा
बिटिया को बनाएं आत्मनिर्भर, दें तकनीकी शिक्षा,
भाई को कुछ देकर मनाएं चार लोगों को बुलाएं
दहेज के दानव से शादी ना करें, बेटी को बेटा जैसे सुविधा दें,
सारी समस्याओं का समाधान है साहब एवं विवेक
समस्याओं के समाधान हेतु ईश्वर का ध्यान ना छोड़े।
ओम नमः शिवाय, ओम नमः शिवाय.....

**देवेन्द्र महोबे**
खैरागढ़
9424129646

## //कविता//


### // पानी //

सत्रह बरस की
एक कोमलांगी किशोरी को
सर पर घड़े रखकर
पानी के लिए
टैंकर की भीड़ की ओर
जाती देखकर
लोगों की गड़ती नजरों का
ख्याल कर
भाई ने कहा - बहन!
मुझे दो अपने घड़े को
तुम घर लौट जाओ
क्योंकि
तुम अपने घड़े के पानी को
बचाने के चक्कर में
अपना पानी छलका डोलोगी
हाँ बहन, मेरा कहना मान
तुम्हारा पानी तो हम सबका
पानी है।



टीकेश्वर सिन्हा ''गब्दीवाला''
घोटिया-बालोद (छत्तीसगढ़)
सम्पर्क - 9753269282.


## राशिफल




**मेष**
आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज वर्क स्पेस पर सीनियर्स और बॉस के द्वारा कुछ बताया जा रहा है तो उसे गंभीरता से लें, और अपनी कमियों को जानकर उसे सुधारने का प्रयास करें। आज बिजनेस की प्रगति के लिए फाइनेंशियल प्लानिंग करेंगे। संतान पक्ष से कोई खुशखबरी मिलेगी।




**वृषभ**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन को दोहराने के लिए एकाग्रता बनाएं रखनी होगी। बिजनेसमैन के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, व्यापारिक योजनाओं को लेकर थोड़ी सतर्कता बरतें। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है।



**मिथुन**
आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से पूरा करेंगे, जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा।



**कर्क**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। आज किसी को मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाये। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते हैं।




**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आया है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। रुपए-पैसों के मामले में लापरवाही करने से आज आपको बचना चाहिए। टूर-ट्रेवल्स से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।



**कन्या**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में आप कुछ बदलाव करेंगे, ये बदलाव आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज स्टूडेंट्स को कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आज फैमिली वालों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। आज का दिन शानदार रहने वाला है।




**तुला**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुचे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आज आपको सोच-समझकर लेने चाहिए।



**वृश्चिक**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आज किसी को दिए पैसे आपको वापस मिल जाएंगे।




**धनु**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलने के योग बने हुए हैं।



**मकर**
आज आपका दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। इस राशि के छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।



**कुंभ**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिलेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी।



**मीन**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपके पारिवारिक रिश्तें में मधुरता बढ़ेगी। सभी लोग हंसी-खुशी रहेंगे। बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्ट किया था, उसका फायदा आपको आज मिल सकता है। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

# वरिष्ठ बुजुर्गों का किया सम्मान, पैर धोकर तिलक आरती के साथ भेंट भी दी गई



बुजुर्ग हमारे जीवन के प्रेरणा स्त्रोत है- टेंभरे

डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व जागृति मिशन डोंगरगढ़ मंहल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सद्गुरुदेव भगतान भी सुधांशु जी महाराज के जन्मदिवस के उपलक्ष में बालाघाट जिले के याम चंगोरा मध्यप्रदेश में सेवानिवृति कृषि अधिकारी डीआर टेमरे के निवास में लगातार तीसरी गार बुजुगों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। परिगार के बच्चों ने बुजुगों से आशीगांद लेकर उनके जीगन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर श्री टेमरे के मुत्र गरिष्ठ व्याख्याता संतोष टेसरे छोटे पुत्र रेलने अधिकारी महेश टेमरे बमलू सोहेड संजय महेश्वर सहित परिवार के सभी सदस्यों ने अपने गांत त आसयस के गाल के लोगों 80 वर्ष से अधिक के तुजुगाँ का सम्मान किया। सर्वप्रथम उनके चरण धोकर तिलक्क नंदन कर उन्हें माल्यार्पण कर उनकी आरती उतारी गई। तत्पश्चात सम्मान स्वरूप उन्हें शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित विन्या गया। इस दृश्य को देखकर बुजुगों की आंखें छलक आई। ग्राम चंगेरा में महिला बुजुर्ग श्रीमती निर्मला टेमरे कौशल्या ठाकरें बगन बाई चौधरी सुहानी लिनजे मोतन ठाकरे यमन बाई राहंगडाले मीरा बोपचे व पुरुष कुजुर्ग ढोन्डुलाल टैमरे नंदलाल बिसेन प्रेमलाल कोबड़े प्रभुदास भाला धरे नाथूलाल टेंटे रापेश्याग गैबान के साथ-साथ सेवानिवृति डिप्टी डायरेक्टर एच टी पटेल सेवानिवृति मेडिकल ऑपिन्सर डॉ वागणी ऐडे सहित 15 से अधिक व्यर्को शामिल थे। इस अवसर पर बड़ी संख्ला में ग्रामवासी सहित रागींग अन्य प्राग के ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

भजन कीर्तन के साथ उत्साह से मनाया गया पर्वरात्रि में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ सहित भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया बुजुर्गों को के साथ-साथ अन्य ग्रामवासियों की भी स्नेह भौज कराया गया। ज्ञातव्य है कि इसके पूर्व भी ग्राम चंगेरा में दी बार टैगरे परिवार द्वारा बुजुर्ग सम्मान समारोह आयोजित किया जाता रहा है। जिसमें विश्व जागृति मिशन डोंगरगढ़ के सदस्य भी शामिल हुए हैं इस अवसर पर बुजुर्गों ने भी अपने संस्मरण से उपस्थित जनों को अवगत कराया। यह कार्यक्रम ग्रामीण लोगों में अमिट छाप छोड़ गया।

इस अवसर पर सद्गुरुदेव सुधांशु जी महाराज को याद करते हुए उनके द्वारा अनुप्राणित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए श्री टेमरे ने कहा कि वास्तव में बुजुर्ग हमारे जीवन के लिए एक प्रेरणा है उनके अनुभवों का लाभ हम तभी ले सकते हैं। जब हमारी दृष्टि उनके लिए सम्मानजनक हो। संत सुधांशु जी महाराज ने बुजुर्गों के सम्मान का समारोह श्राद्ध पर्व की जगह श्रद्धा पर्व के रूप में आयोजित कर समस्त मानव जाति पर बड़ा उपकार किया है। आज के इस दौर में जब लोग अपने बुजुर्ग मां-बाप को नहीं पूछते इस तरह के सम्मान समारोह अत्यंत प्रासंगिक हैं इससे लोगों को बड़ी प्रेरणा मिल रही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दीए हैं। कक्षा दशम हाई स्कूल में साई कुमार साहू 94.83% प्रथम, तर्पण कुमार लहरे 92.83% द्वितीय, मयंक निषाद 92% तृतीय, नागेश्वर साहू 90.33% चतुर्थ, लक्की सिन्हा 90.16% पंचम, आकाश कुमार महोबिया 88.50% षष्ठ, मीनाक्षी श्रीवास्तव 87.50% सातवां तृप्ति वर्मा 85.83% अष्टम, शौर्य अंबादे 85.33% नौवा, रुद्र प्रताप नेटी 84.66%, दसवां प्रथम श्रेणी में 53 द्वितीय श्रेणी में 29 विद्यार्थी हुए हैं इस प्रकार परीक्षा परिणाम 86% रहा, इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा का परिणाम इस प्रकार है अमन वर्मा 87% प्रथम, योगेश्वरी 83.40% द्वितीय, केशवरी वर्मा 82.4% तृतीय, सानिया राजपूत 81.6% चौथा, साहिल वर्मा 78.8% पांचवा, नेहा ढीमर 78.4%, छठवा, मुस्कान वर्मा 77.2% सातवां, शिवम शेवते और उज्वला गजभिए 74.8% आठवां शिक्षा देवांगन 74.6% नवा, गीतांश वर्मा 74% दसवां स्थान रहा। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण 38 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में 32 विद्यार्थी परीक्षा परिणाम 77त्न रहा, उक्त उपलब्धि पर सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री सुनील जैन उपाध्यक्ष श्रीमती मीना गिरधर सचिव श्री नीलम चोपड़ा कोषा अध्यक्ष श्री प्रकाश गिरधर पूर्व अध्यक्ष श्री प्रभाकर राव गिरधर श्री नारायण लाल अग्रवाल श्री सुरेश सोनी श्री लक्ष्मी नारायण अग्रवाल श्री राजेंद्र जैन आदि तथा विद्यालय के प्राचार्य श्री प्रकाश यादव प्रधानाचार्य श्री जागेश्वर निषाद तथा समस्त विद्यालय परिवार ने उत्तीर्ण भैया बहनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं। सुरेश वैष्णव थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, बोधन भारद्वाज विनोद ताम्रकार, शुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर उत्तम नागमोते ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, गणेश वर्मा, श्रीमती कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी दीदी, रितु साहू कौशल्या वर्मा, कृष्ण निर्मलकर निलेश निषाद, अश्विनी निर्मलकर छवि साहू आदि शामिल है।

# भेड़ीकला हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र ओगेश कुमार साहू जिले में प्रथम



राजनांदगांव (दावा)। शहर से लगे ग्राम भेड़ीकला के हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र ओगेश कुमार साहू पिता नरेंद्र कुमार साहू,माता श्रीमती देहुती बाई साहू निवासी ग्राम भाठागांव जो कि कॉमर्स (वाणिज्य) संकाय में 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे राजनांदगांव जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सरपंच कृष्णा साहू ने कहा कि हमारे गांव के स्कूल का नाम रोशन किया जिससे हम सभी गौरन्वित महसूस कर रहे हैं। छात्र ओगेश कुमार साहू को फूलमाला पहनाकर, गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत भड़ीकला के सरपंच कृष्णा साहू, शास उच्च माध्य शाला के प्राचार्य एफ आर वर्मा, शिक्षक आदित्य तिवारी, मनोज चौहान, आकाश देवांगन, श्रीमती रश्मि खरे, दानी राम देवांगन शिक्षकों के अथक प्रयास से हमारे गांव का नाम रोशन किया सभी शिक्षक बधाई के पात्र है साथ ही छात्र की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाईयां प्रेषित की गई।

# छात्राओं को नहीं मिली सरस्वती साइकल योजना का लाभ



0 स्कूल प्रबंधन की लापरवाही
0 गंडई कन्या शाला का मामला

गंडई पंडरिया (दावा)। बालिकाओं को बेहतर शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से कई योजनाएँ संचालित की जा रही है। इसी के तारतम्य मे सरस्वती साइकल योजना के तहत बालिकाओ को साइकल भी वितरित किया जाता है। लेकिन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विधालय गंडई के स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के चलते इस वर्ष यहाँ अध्ययनरत छात्राओ को योजना का लाभ नहीं मिल पाया। यह स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही को उजागर करता है। उल्लेखनीय है की बालिकाएँ अच्छी शिक्षा नजदीक मे ही प्राप्त कर सके तथा आवाजही मे इन्हे किसी भी तरह से दूसरों पर आश्रित न रहना पड़े। इस उपदेश्य के साथ सरस्वती साइकल योजना शुरू की गई। इसके अंनर्गत हाई स्कूल के सामान्य वर्ग की बालिकाओ को छोड़कर सभी वर्ग की छात्राओ को साइकल वितरित की जाती है। बताया जाता है की शिक्षा सत्र 2023-24 बीत चुका है। लेकिन नगर के शासकीय कन्या शाला की लगभग आधी से ज्यादा छात्राओ को साइकल वितरित ही नहीं किया गया है। जबकि इन छात्राओ के नाम से बकायदा पंजीयन भी किया गया था और इनके नाम से साइकल भी आबंटित हो चुकी है। लेकिन स्कूल प्रबंधन के द्वारा इन छात्राओ को इस योजना के तहत मिलने वाले साइकल का वितरण ही नहीं किया गया। जबकि नई चमचमाती साइकलो को एक बंद कमरे ठूस दिया गया है। जो धूल दुसरित से भरा हुआ है। जब स्कूल प्रबंधन के द्वारा योजना के संचालन मे इस तरह की कोताही बरती जा रही है तो इस तरह की योजनाओ का क्या अवचित्त रह जाता है। जानकारी के अनुसार स्कूल प्रबंधन के द्वारा विभाग को सभी साइकल वितरित हो जाने की जानकारी भेज दी गई है लेकिन यहाँ तो सच्चाई कुछ अलग ही है। लगभग एक माह बाद पुनः शिक्षा सत्र की शुरुआत हो जाएगी। इस तरह स्कूल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगने लगा है और पालको ने इनके खिलाफ कार्यवाही की मांग भी की है।

> छात्राओं गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र मांगने पर नहीं लाया गया। जिसकी वजह से साइकल वितरित नहीं हुई है। जो की बाबू की जवाबदारी में है।
>
> **- संध्या पात्रिकर, प्राचार्य कन्या शाला**

> मामले की जानकारी नहीं थी। जांच कराई जाएगी नोटिस भेजा जाएगा और कार्यवाही की जाएगी।
>
> **- लालजी द्विवेदी, जिला शिक्षा अधिकारी**

# आसरा शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में कु. विनीता कंवर अव्वल



डोंगरगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं का परीक्षा परिणाम 9 मई गुरुवार को शिक्षामंत्री द्वारा घोषित किया गया. जिसमें शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल आसरा कक्षा बारहवीं का परिणाम 91.46 प्रतिशत रहा. परीक्षा में विद्यालय से कुल 82 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमे 80 उत्तीर्ण, 02 अनुत्तीर्ण और 05 को पूरक प्राप्त हुआ. कु.विनीता 82.2 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम, दीपक साहू 77.4 प्रतिशत द्वितीय और कु.कामनी साहू 76.6 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया. वहीं हाईस्कूल में दसवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम 98.52 प्रतिशत रहा. दसवीं की परीक्षा में कुल 69 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिसमें 68 उत्तीर्ण, 01 अनुपस्थित और 01 को पूरक मिला. जीवन कुमार 91 प्रतिशत के साथ कक्षा में प्रथम, मोहरदास 88.5 प्रतिशत द्वितीय और कु.देविका 84 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया. शाला के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को सफल होने पर रोहित कुमार ताराम प्रभारी प्राचार्य सहित सभी छात्रों व अध्यापकों को उनकी मेहनत के लिए बधाई दी है.

# सोरव्ता गड्ढा निर्माण में नियमों को ताक में रखकर जिम्मेदार कर रहे है जमकर लीपापोती



जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत बखत रेंगाकठेरा का मामला

ठेलकाडीह (दावा)। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन को जिम्मेदार ही पलीता लगा रहे हैं, ऐसे में इस मिशन का उद्देश्य पूरा होते नजर नही आ रहा है सरपंच, सचिव, इंजीनियर सीईओ आदि सभी अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। इसका उदाहरण राजनांदगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत बखत रेंगाकठेरा मे देखने को मिला।

स्वच्छ भारत मिशन में जमकर लापरवाही बरतकर लीपापोती हो रही है। आपको बता दे कि ग्राम पंचायत बखत रेंगाकठेरा के आश्रित ग्राम डारागांव मे कुछ ही माह पहले बने 1 लाख की लागत से सोखता गड्ढा का निर्माण किया गया। पिछ्ले दिनों हुई बारिश ने निर्माण की गुणवत्ता की पोल खोल दी है। निर्माण एजेंसी ने किस तरह घटिया कार्य को अंजाम दिया है। 1लाख की लागत से बने यह सोखता गड्ढा खुद बयां कर रहे है। सीधे तौर पर यह कहा जा सकता है कि जनपद पंचायत, जिला पंचायत में बैठे जिम्मेदारों के सामने खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा हैं और जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंद कर बैठे हैं जिसके कारण शासकीय योजनाओं का दुरुपयोग हो रहा हैं। राजनांदगांव ब्लॉक में कई ऐसे पंचायतें है जहा सरपंच सचिव की जुगलबंदी से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सोख्ता गड्ढों का निर्माण कार्य में गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग कर शासन की मंशा पर पानी फेर रहे। निर्माणाधीन सोखता गड्ढों में नियम के विपरीत घटिया किस्म के सामग्री का उपयोग कर अपनी जेबें भरने का जुगाड़ किया जा रहा है।

# आज शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी की शपथग्रहण समारोह



कल्लूबंजारी (दावा)। छात्र एवं शिक्षकों के सर्वांगीण विकास एवं समाज सेवा हेतु संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ का शपथग्रहण समारोह का आयोजन आज 11 मई शनिवार को प्रातः 10 बजे से डीबीडीआई बैंक के समीप सिविल लाइन रायपुर में स्थित वृंदावन हॉल में रखा गया है। संस्था के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दिनेश कुरेटी दिलेर ने बताया कि शपथग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित समस्त वरिष्ठ प्रभाग एवं महिला प्रभाग के प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी जायेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रभाग के समस्त 25 एवं महिला प्रभाग के समस्त 22 प्रांतीय पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं छत्तीसगढ़ के 91 उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं को स्मृति चिन्ह, शाल, मल्टीकलर प्रमाणपत्र एवं वार्षिक कैलेण्डर प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। संस्था के संस्थापक संजय कुमार मैथिल, अध्यक्ष मीना भारतद्वाज, महासचिव विरेन्द्र कुमार साहू, मीडिया प्रभारीद्वय दिनेश कुरेटी दिलेर एवं लता देवांगन ने संस्था के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों एवं उत्कृष्ट शिक्षक-शिक्षिकाओं से उपस्थित की अपील की है।

# शिव महापुराण कथा को लेकर ग्राम समिति सेवादारों की बैठक



6 दिनों तक लगातार चलेगी बैठक

गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई मे अंतराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम का कार्य काफी जोरों पर है। पंडित मिश्रा जी का कार्यक्रम 18 जून से 24 जून तक गंडई के गोदवाना मैदान मे होना है जिसको लेकर लगातार समिति के द्वारा बैठक कर योजना बनाई जा रही है। इसी तारतम्य मे 10 मई शुक्रवार को गंडई मे बनाए गए कार्यालय मे बैठक सम्पन्न हुआ।

ज्ञात हो गंडई मे पंडित मिश्रा जी का कार्यक्रम 18 जून से 24 जून तक बड़े ही भव्य तरीके से मनाए जाने की योजना बनाई गई है। जिसके तहत कार्यकर्ता व श्रद्धालु बड़े जोर शोर से भिड़े हुये है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सेवादारों का गठन किया जा जा रहा है। जिसमे सेवादारों के आधार कार्ड की छायाप्रती फोटो के साथ मोबाइल नंबर जमा करना अनिवार्य है। समिति के सुधांशु यदु ने बताया की सोवदारों के बायोडाटा जमा करने के लिए बैठक रोजाना 6 दिनो तक चलेगी। आस पास के लगभग 170 गांवो के सेवादार होंगे जो की आज 20 गाँव की बैठक राखी गई थी। जिसमे 3 हजार सेवादारों का टार्गेट बनाए है। जो की आधे आधे की संख्या मे सेवादार आल्टर्नेट अपनी सेवा देंगे। वही 18 एकड़ मे कथा के लिए पंडाल का निर्माण होना है। 4 एकड़ की जमीन भोजन व्यवस्था के लिए होगी और 9 एकड़ पंडाल एक्सट्रा बनाया जाएगा। चारो तरफ पार्किंग की व्यवस्था की गई है जो कथा स्थल से 1 किलोमीटर की दूरी पर होगा। उन्होंने अपील की कथा को सफल बनाने मे नगरवासियो का विशेष सहयोग रहे।

# समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था ने महुआ बैंक की स्थापना



बांधाबाजार (दावा)। वनांचल आदिवासी बहुल जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में कार्यरत स्थानीय समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था ग्राम दक्कोटोला तहसील अंबागढ़ चौकी के मार्गदर्शन पर मोहला तहसील के ग्राम चिरचारी ग्राम पंचायत सांगली द्वारा 9 मई को स्थानीय ग्राम सभा द्वारा महुआ बैंक की स्थापना किया गया। महुआ आदिवासियों का पारंपरिक खाद्य है। जिसकी मांग देश विदेश में बड़ी संख्या में है । क्योंकि इस महुआ से विविध प्रकार के पदार्थ बन रहे हैं । यह औषधि युक्त गुणकारी है । ग्राम चिरचारी के ग्रामीणों ने हर परिवार से पाच किलोग्राम महुआ दान के रूप में गांव के सार्वजनिक कोष में जमा किया गया है। इस कोष के उचित प्रबंधन हेतु गांव के युवा वर्ग को जिम्मेदारी दिया गया है । इस प्रकार के कोष की इस गांव में प्रथम बार स्थापना हुआ है । उचित मूल्य वृद्धि होने पर इसे मार्केट में बेच दिया जायेगा। पुनः आगामी वर्ष में महुआ संकलन किया जाएगा तथा पिछ्ले वर्ष की राशि का नया महुआ खरीदा जायेगा। इस तरह गांव के महुआ दान को महादान के रूप में परिवर्तित किया जाएगा। ताकि गांव में बड़ा व्यवसाय खड़ा होगा तथा आय का बड़ा लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। इसके उपर भविष्य के लिए नियम नीति बनाया जायेगा। शुरुवात की दौर में पूरा गांव को एक सूत्र में जोड़ कर कार्य को खड़ा करना यह बड़ी चुनौती थी। अब इसे आगे टिकाऊ बनाना तथा इससे उनकी आजीविका को सुरक्षित करना और सुधारना भी अहम मुद्दा है । ग्राम चिरचारी एक छोटा गांव है इस महुआ बैंक में 22 परिवार जुड़े है । फिलहाल अभी रखरखाव की जिम्मेदारी वन अधिकार समिति के द्वारा किया गया है । ज्ञात हो कि इस वर्ष प्राकृतिक आपदाओं के कारण महुआ की अच्छी फसल नहीं हुई है । इसलिए प्रथम वर्ष कम मात्रा में महुआ जमा किया गया है । इस कार्य की शुरुवात करने का संस्था का उद्देश्य लोगो की आत्म निर्भरता वन उपज पर कायम की बनी रहे । लोगो के मन में जंगल को अपनी संपत्ति समझकर अपनापन का भाव निर्माण करना है। वन एवं वनस्पति का विदोहन व दोहन से जंगल सुरक्षित रहे। जंगल का लोगो (ग्रामसभा) के द्वारा उचित संरक्षण संवर्धन प्रबंधन होना चाहिए। इसी उद्देश्य को दृष्टिगत रखते हुए नई सोच नई उम्मीद के साथ कार्य किया जा रहा है। गांव के ग्राम पटेल आदरणीय मांगऊ राम धुर्वे जी के प्रमुख उपस्थिति में ग्रामीणों ने महुआ बैंक बनाने तथा इसे आगे बड़ाने का निर्णय लिया गया है । अभी फिलहाल सामुदायिक महुवा बैंक में 110 किलोग्राम महुआ संकलन हुआ है। गांव वाले अन्य कार्य में व्यस्त होने के कारण सभी लोग जमा नहीं किए हैं। इस कार्य से गांव के सभी लोग सहमत है। इस तरह वनांचल के अन्य गांव बमनी एवम मरदेल में भी संस्था द्वारा महुआ बैंक बनाने का कार्य शुरू हुआ है। ग्राम चिरचारी के वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव कामता प्रसाद कचलामे एवम सुरेंद्र सिंह धुर्वे एवम अन्य पदाधिकारी ग्रामीणों का महत्त्वपूर्ण योगदान है। समग्र सृष्टि समाजसेवी संस्था के समन्वयक जयदेव मोहुर्ले तथा अर्जुन कुमेटी ने इस कार्य को गति प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई है।

# रानी मंदिर में भगवान श्री परशुराम जी जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया पर पूजा अर्चना



छुईखदान (दावा)। वैशाख शुक्ल तृतीया तिथि शुक्रवार 10 मई को रानी मंदिर छुईखदान में अक्षय तृतीया अवसर पर पूजा अर्चना कर सत्तू का भोग लगाया गया। साथ ही भगवान श्री परशुराम जी प्रकटोत्सव आरती पूजा हुआ। मंदिर समिति के संरक्षक श्रीमती लतारानी लाल जे के वैष्णव ने पूजा अर्चना पश्चात पुजारी अनिल रानी मंदिर को भरा घड़ा, आम, सेतुवा, गुड़ शक्कर, सेरसीधा आदि भेंट किया। भक्तों द्वारा माटी पूजन दिवस पर खेतों में बीज डालकर भगवान से अच्छी बारिश एवं भरपूर फसल हेतु विनती प्रार्थना किया गया। वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव ने भगवान श्री विष्णु के छठवें अवतार भगवान श्री परशुराम जी का अवतरण एवं ब्रम्हा जी के पुत्र अक्षय कुमार के जन्म के साथ ही अक्षय तृतीया तिथि के धार्मिक दृष्टि से महत्व को बताया। अक्ति तिहार के दिन लतारानी वैष्णव ने छोटे बालिकाओं , बालकों द्वारा पुतरा पुतरी गुड्डा-गुड्डी विवाह आयोजन पर टिकावन राशि भेंटकर विरासत की सांस्कृतिक कार्यक्रम धरोहर को अक्षुण्य बनाए रखने अपील किया। ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम जी जन्मोत्सव रानी मंदिर में पूजा, प्रसाद वितरण कर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वंदना त्रिपाठी, शैल शर्मा, सरिता शर्मा, स्वाति शर्मा, श्रद्धा दुबे, शशि शर्मा, रुपा उपाध्याय, विमला शर्मा, लक्ष्मी शर्मा, खुशबू शर्मा, ज्योति आदि सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे।

## आसरा में बच्चों ने गुड्डा-गुड़िया की रचाई शादी



डोंगरगांव (दावा)। बिना पंचांग देखे जिस मुहूर्त में सभी तरह के संस्कार संपन्न किए जा सकते है, उसे अक्षय तृतीया कहा जाता है. इस महामुहूर्त को छत्तीसगढ़ में अक्ती के रूप में जाना जाता है. वहीं डोंगरगांव अंचल में अक्षय तृतीया के अवसर पर मिट्टी के गुड्डा-गुड़िया(पुतला-पुतली) का विवाह कराने की परंपरा है. ग्राम आसरा निवासी ओमकार साहू व जनकलाल साहू ने अपने घरों में छोटे-छोटे बच्चों के साथ सदियों से चली आ रही परम्परा का निर्वहन करते हुए गुड्डा-गुड़िया की शादी कराई. जिसमें विवाह के सभी रीति-रिवाजों जैसे बारात ले जाने से लेकर चुलमाटी, टिकावन के साथ विदाई भी कराई गई. इस अनोखे शादी से परिवार समेत बड़े बुजुर्गो शामिल होकर बच्चों को वैवाहिक परम्पराओं की खेल-खेल में शिक्षा देते हैं.

# पहला कॉलम...

## अक्षय तृतीया पर महंगा हुआ सोना-चांदी

नई दिल्ली। सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत आज तेज रही। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 72,100 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 85 हजार रुपये से ऊपर कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 91 रुपये की तेजी के साथ 71,730 रुपये के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 490 रुपये की तेजी के साथ 72,129 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 72,140 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,730 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले महीने 73,958 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे बढ़कर 83.46 पर

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुरूआती कारोबार में दो पैसे की बढ़त के साथ 83.46 प्रति डॉलर पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बढ़त से रुपये को लाभ हुआ लेकिन कच्चे तेल के दाम में तेजी ने इसके प्रभाव को सीमित किया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा मजबूत रहने तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.48 पर खुला और शुरूआती कारोबार में दो पैसे की बढ़त के साथ 83.46 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गुरुवार को 83.48 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को बताने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.30 रहा। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 169.82 अंक की बढ़त के साथ 72,573.99 और एनएसई निफ्टी 67.05 अंक चढ़कर 22,024.55 अंक पर रहा।

## एमएससी एरीज पर सवार पांच भारतीय नाविक रिह

तेहरान। ईरान में भारतीय दूतावास ने कहा कि तेहरान द्वारा जब्त किए गए इजरायली जहाज (एमएससी एरीज) पर सवार पांच भारतीय नाविकों को गुरुवार को रिहा कर दिया गया और वे ईरान से चले गए हैं। भारतीय दूतावास ने उनकी रिहाई का विवरण साझा करते हुए कहा कि हम बंदर अब्बास में दूतावास और भारतीय वाणिज्य दूतावास के साथ घनिष्ठ समन्वय के लिए ईरानी अधिकारियों की सराहना करते हैं। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, एमएससी एरीज पर सवार पांच भारतीय नाविकों को गुरुवार शाम रिहा कर दिया गया और वे ईरान से चले गए। इजरायल से जुड़े मालवाहक जहाज को 13 अप्रैल को ईरान ने जब्त कर लिया था, जिसमें 17 भारतीय नागरिक सवार थे।

## लाहौर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगी भीषण आग

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गुरुवार को भीषण आग लग गई, जिससे पूरा इमिग्रेशन सिस्टम क्षतिग्रस्त हो गया और उड़ान संचालन ठप हो गया। सिविल एविएशन अथॉरिटी (सीएए) के मुताबिक, शार्ट सर्किट की वजह से इमिग्रेशन काउंटर की छत में आग लगी थी। बचाव दल से जुड़े कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। इमिग्रेशन क्षेत्र में मौजूद यात्रियों को दूसरे जगह स्थानांतरित कर दिया गया।सिविल एविएशन अथॉरिटी ने कहा कि आग की घटना के कारण अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों में देरी हुई। हवाई अड्डे के कर्मचारी को मैन्युअल तरीके से कार्य करना पड़ा। इस बीच, आग की घटना पर संज्ञान लेते हुए गृह मंत्रालय ने विस्तृत रिपोर्ट मांगी है और घटना की गहन जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने यात्रियों की सुविधा के लिए इमिग्रेशन काउंटर को जल्द से जल्द चालू करने का भी निर्देश दिया है।

## आईपीएल में अगले साल से नहीं होगा इम्पैक्ट प्लेयर?

नई दिल्ली। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल मैच के दौरान भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह, बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर हार्दिक पंड्या और अन्य। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने गुरुवार 9 मई 2024 को मुंबई में बातचीत के दौरान इम्पैक्ट प्लेयर और अगले सीजन रणजी ट्रॉफी की टाइमिंग को लेकर भी अपडेट दिया। जय शाह ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि बीसीसीआई अपनी बैठक के दौरान सभी हितधारकों के साथ 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम पर चर्चा करने जा रहा है।

# गुजरात की प्लेऑफ उम्मीदें कायम- 35 रन से हारी चेन्नई, मोहित को 3 विकेट, सुदर्शन-शुभमन की सेंचुरी, गिल ने आईपीएल का 100वां शतक लगाया




स्पोर्ट्स डेस्क। गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 59वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हरा दिया। चेन्नई ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बनाए। जवाब में चेन्नई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन ही बना सकी।

जीटी के कप्तान शुभमन गिल (104 रन) ने आईपीएल इतिहास का 100वां शतक जमाया। गिल के बाद साई सुदर्शन (103 रन) ने भी करियर की पहली सेंचुरी पूरी की। दोनों ने 210 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। सीएसके से तुषार देशपांडे ने 2 विकेट लिए। सीएसके से डेरिल मिचेल ने 63 रन, मोईन अली ने 56 रन, एमएस धोनी ने 26 और शिवम दुबे 21 रन बनाए। मोहित शर्मा ने 3 और राशिद खान ने 2 विकेट लिए।

### आखिरी ओवर में धोनी ने 2 छक्के जमाए

एमएस धोनी ने आखिरी ओवर डाल रहे राशिद खान की बॉल पर दो छक्के जमाए। राशिद के इस ओवर से 16 रन आए। एमएस धोनी 26 और शार्दूल ठाकुर 19 रन पर नाबाद रहे। राशिद की आखिरी बॉल पर धोनी के चौके के बाद भी गुजरात ने मैच 35 रनों से जीता।

### अंक तालिका का हाल

उसके 12 मैचों में पांच जीत और सात हार के साथ 10 अंक हैं। वहीं, चेन्नई की टीम इस हार के साथ भी चौथे स्थान पर बरकरार है। हालांकि, उसके लिए रास्ता अब और भी कठिन हो गया है। चेन्नई के 12 मैचों में 12 अंक हैं। टीम के लिए अगले दोनों मुकाबले करो या मरो वाले हैं।

चेन्नई के साथ दिल्ली और लखनऊ दोनों के 12-12 अंक हैं। आखिर में नेट रन रेट की स्थिति बन सकती है। वहीं, अब बेंगलुरु और गुजरात की टीमें भी प्लेऑफ की रेस में बनी हुई है। वहीं, गुजरात के अगले दो मैच 13 मई को कोलकाता के खिलाफ अहमदाबाद में और 16 मई को सनराइजर्स के खिलाफ हैदराबाद में हैं। वहीं, चेन्नई का अगला मैच 12 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ चेपॉक में है। वहीं, उन्हें 18 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से चिन्नास्वामी में भिड़ना है।

### मिचेल-मोइन की शतकीय साझेदारी नहीं आई काम

13वें ओवर में मोहित शर्मा ने मिचेल की पारी का अंत किया। उन्होंने 34 गेंद में सात चौकों, तीन छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। मोइन के साथ उन्होंने 57 गेंद में 109 की साझेदारी की। मोइन ने इस दौरान 31 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। मोहित ने मोइन को भी आउट कर दिया। उन्होंने 36 गेंद में 56 रन बनाए। कार्तिक के 16वें ओवर में 19 रन आए, जिससे लक्ष्य 24 गेंद में 70 रन रह गया, लेकिन यहां मोहित ने शिवम दुबे (21) को आउट कर दिया। धोनी मैदान पर आए, लेकिन जडेजा (18) राशिद का शिकार बन गए। इस ओवर में राशिद ने सेंटनर (0) को भी बोल्ड कर चेन्नई की उम्मीदें समाप्त कर दीं।

## टीम इंडिया को मिलेगा नया कोच?

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल, भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो रहा है. वहीं, बीसीसीआई को नए आवेदकों की तलाश है. बीसीसीआई टीम इंडिया के नए कोच के लिए जल्द आवेदन प्रक्रिया शुरू कर सकती है. जिसके बाद राहुल द्रविड़ की जगह नया कोच चुना जाएगा.




वहीं, अब बीसीसीआई सचिव जय शाह का बयान सामने आया है. जय शाह ने कहा कि भारतीय हेड कोच राहुल द्रविड़ को अगर अपना कार्यकाल खत?म करने के बाद कोच पद पर बने रहना है तो उन?हें फिर से आवेदन करना पड़ेगा. साथ ही उन्होंने साफ किया कि नए कोच का कार्यकाल 3 सालों का होगा.दरअसल, राहुल द्रविड़ के कार्यकाल को बढ़ाया गया है. इस पर बीसीसीआई सचिव ने कहा कि राहुल द्रविड़ के कार्यकाल को महज टी20 वर्ल्ड कप तक बढ़ाया गया है. उन्होंने इशारों ही इशारों में साफ किया कि राहुल द्रविड़ दोबारा आवेदन कर कोच बन सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने विदेशी कोच के कयासों को खारिज नहीं किया.

क्रिकबज ने जय शाह के हवाले से लिखा है- हम अगले कुछ दिनों में नए कोच के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू करेंगे. राहुल द्रविड़ का कार्यकाल महज टी20 वर्ल्ड कप तक बढ़ाया गया है, यानी वह भारतीय टीम के साथ जून तक बने रहेंगे. साथ ही अगर वह दोबारा कोच बनना चाहेंगे तो अप्लाई करना होगा, वह ऐसा कर सकते हैं. बताते चलें कि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल वनडे वर्ल्ड कप 2023 तक था, लेकिन इसके बाद टी20 वर्ल्ड कप तक बढ़ा दिया गया. टीम इंडिया राहुल द्रविड़ की कोचिंग में वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल तक पहुंची थी. वहीं, अब टी20 वर्ल्ड कप में भी राहुल द्रविड़ बतौर कोच दिख सकते हैं.

## एयर इंडिया एक्सप्रेस की 75 उड़ानें फिर रद्द

नई दिल्ली। चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के अचानक छुट्टी पर चले जाने से एयर इंडिया एक्सप्रेस को 170 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी। गुरुवार को प्रबंधन की ओर से अचानक छुट्टी पर गए केबिन क्रू के 25 सदस्यों को टर्मिनेशन लेटर जारी कर दिया गया था, जिसे बाद में समझौता होने के बाद वापस ले लिया गया। अब धीरे-धीरे हालात सामन्य हो रहे हैं।एयर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल की कमी के कारण शुक्रवार को करीब 75 उड़ानें रद्द कर दीं और हालांकि अधिकारियो को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि उड़ानें रद्द होने और यात्रियों को मुआवजा देने से करीब 30 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है।




मंगलवार रात से चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग के अचानक छुट्टी पर चले जाने से एयर इंडिया एक्सप्रेस को 170 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ी थी। गुरुवार को प्रबंधन की ओर से अचानक छुट्टी पर गए केबिन क्रू के 25 सदस्यों को टर्मिनेशन लेटर जारी कर दिया गया था, जिसे बाद में समझौता होने के बाद वापस ले लिया गया।

नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को करीब 75 उड़ानें रद्द की गईं और यह गुरुवार को रद्द हुईं 100 उड़ानों से कम हैं। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को रद्द होने वाली उड़ानों की संख्या करीब 45 से 50 रह सकती है।

एयरलाइन ने गुरुवार की दोपहर को कहा था कि उसने 85 उड़ानें या कुल दैनिक क्षमता की लगभग 23 प्रतिशत उड़ानें रद्द की है। रोजाना करीब 380 उड़ानों का परिचालन करने वाली टाटा समूह की एयरलाइन को केबिन क्रू के सदस्यों के अचानक छुट्टी पर चले जाने से परिचालन में कटौती करनी पड़ी मंगलवार रात से विमानन कंपनी 260 से अधिक उड़ानें रद्द कर चुकी है।

## न्यूजीलैंड के खिलाड़ी कॉलिन मुनरो ने लिया संन्यास

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के विस्फोटक बैटर कॉलिन मुनरो ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. कॉलिन मुनरो न्यूजीलैंड के लिए 3000 से ज्यादा इंटरनेशनल रन बना चुके हैं. वे टी20 क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं. मुनरो टीम इंडिया के खिलाफ टी20 मैच में शानदार शतक लगा चुके हैं. उन्होंने राजकोट में दमदार प्रदर्शन किया था. मुनरो का डोमेस्टिक क्रिकेट में भी रिकॉर्ड अच्छा रहा है.



न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने सोशल मीडिया के जरिए मुनरो के संन्यास की खबर शेयर की. बोर्ड ने एक्स पर लिखा, कॉलिन मुनरो ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है. उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर के दौरान 123 मैच खेले. मुनरो न्यूजीलैंड के लिए एक टेस्ट मैच खेल चुके हैं. उन्होंने 2013 में वनडे डेब्यू किया था. वहीं आखिरी मैच जून 2019 में खेला था. मुनरो ने टी20 इंटरनेशनल डेब्यू 2012 में किया था. वहीं आखिरी मैच भारत के खिलाफ फरवरी 2020 में खेला था.

मुनरो टीम इंडिया के खिलाफ विस्फोटक पारी खेल चुके हैं. भारत और न्यूजीलैंड के बीच नवंबर 2017 में टी20 सीरीज खेली गई थी.

## 14 साल की लड़की का 10 नाबालिगों ने किया गैंगरेप

नई दिल्ली। यूरोपियन देश बेल्जियम से दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। जहां 14 साल की एक लड़की के साथ 10 नाबालिगों द्वारा गैंगरेप किया गया है। इस गैंगरेप में शामिल 10 में से 9 आरोपियों की उम्र 11 से 16 साल के बीच है जबकि 10वें आरोपी की उम्र महज 11 साल है। बेल्जियम के कॉर्ट्रिज्क शहर हुई इस घटना में लड़की का प्रेमी भी शामिल है। लड़की का प्रेमी कथित तौर पर लड़की को घर के ही पास स्थित एक झाड़ी में ले गया।

जहां उसके कई दोस्त पहले से ही मौजूद थे। इस दौरान उन सभी ने उस लड़की के साथ रेप किया। इतना ही नहीं ईस्टन की छुट्टियों के दौरान 2 से 6 अप्रैल के बीच तीन मौकों पर दस नाबालिगों ने उस लड़की के साथ बारी-बारी से रेप किया।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए चुने गए 15 खिलाड़ी सबसे बेस्ट!

नई दिल्ली। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। 2 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की धरती पर फटाफट क्रिकेट के घमासान का आगाज होना है। विश्व कप के लिए भारतीय टीम का एलान हो चुका है और सेलेक्टर्स ने अनुभवी प्लेयर्स पर ज्यादा भरोसा जताया है।




केएल राहुल, शुभमन गिल, रिंकू सिंह जैसे नामों को मुख्य टीम में जगह नहीं मिल सकी है। हालांकि, बीसीसीआई के सचिव जय शाह का मानना है कि आगरकर की अगुआई में सेलेक्टर्स ने सबसे बेस्ट 15 खिलाड़ियों का चुनाव किया है। जय शाह ने पीटीआई के साथ बातचीत करते हुए कहा, हमारे पास एक अनुभवी टीम मौजूद है। इससे बेहतर टीम सेलेक्ट नहीं हो सकती थी। हमने बेस्ट 15 खिलाड़ियों का चुनाव करने का प्रयास किया है। हमारी टीम में 8वें और 9वें नंबर पर बैटिंग मौजूद है। हमने ऐसे प्लेयर्स का चुनाव किया है, जो हर परिस्थिति में खेल सकते हैं।÷ भारतीय टीम विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ करेगी।

वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम दो दल में वेस्टइंडीज और अमेरिका के लिए रवाना होगी। इस बात की जानकारी जय शाह ने दी है। बीसीसीआई सचिव ने बताया, ÷टीम दो दल में वर्ल्ड कप के लिए रवाना होगी, जो खिलाड़ी प्लेऑफ से पहले फ्री हो जाएंगे, वो 24 मई की फ्लाइट से रवाना होंगे। बाकी प्लेयर्स फाइनल मुकाबले के बाद वेस्टइंडीज की फ्लाइट पकड़ेंगे। जय शाह ने बताया कि वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को 2027 में इंग्लैंड की जगह कहीं और करवाने को लेकर आईसीसी से बात करेंगे। उन्होंने कहा, ÷हमने 2027 को लेकर आईसीसी से बात की है। भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया तीन मुख्य सेंटर हैं। आप उस विंडो में ऑस्ट्रेलिया या भारत में इसका आयोजन नहीं करा सकते हैं।

## प्रथम पेज का शेष

***इंडिया गठबंधन का तूफ़ान ...***

धुलवाकर उनका अपमान किया गया है। वहीं, अब कन्नौज में अखिलेश जी मंदिर में गए, तो वहां भी भाजपा वालों ने गंगा जल से धोकर उनका अपमान किया।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, ÷कन्नौज में जितने भी बड़े काम हुए हैं वह समाजवादियों की देन है... अगर कोई हाईवे पर चलता होगा तो उसे पता चलता होगा कि यह समाजवादियों का हाईवे है, लेकिन हमने हाईवे को कभी धुलवाया नहीं है..मुझे पूरा विश्वास है कि कन्नौज की जनता ऐसे लोगों को जवाब देगी जो हमारे और आपके बीच दीवार बनकर खड़े हैं। उन्होंने कन्नौज में मंदिर को धुलवाने के भाजपा के कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि कन्नौज की जनता भाजपा को इस नफ़रत का जवाब देगी।

***सरोज पांडेय की मुश्किलें बढ़ीं ...***

न ही कार्यक्रम स्थल पर भाजपा का प्रचार हो रहा था। निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम स्थल की करवाई गई वीडियोग्राफी व कांग्रेस की शिकायत के आधार व पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कबूलनामें के आधार पर निर्वाचन आयोग ने भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के चुनावी खर्च में कार्यक्रम का खर्च जो?ने का निर्णय लिया है।

आपको बता दें कि अब तक कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय द्वारा दिये गए खर्च ब्यौरे के आधार पर 5 मई तक 51 लाख 67 हजार 953 रुपए खर्च किए गए है। खर्च सीमा 90 लाख है। 29 लाख 37 हजार 179 रुपये शेष है। अगर धीरेंद्र शास्त्री की हनुमान कथा का खर्च 30 लाख से ऊपर जाता है तो भाजपा प्रत्याशी तय खर्च सीमा से ज्यादा राशि खर्च करने के मामले भी फंसती नजर आएंगी। क्योंकि चिरमिरी में बागेश्वर बाबा का कार्यक्रम भव्य तौर पर आयोजित हुआ था। हेलीकॉप्टर से धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पहुंचे थे और भव्य डोम के अलावा डोम के दोनों ओर पंडाल भी बनाया गया था।

***प्रज्वल रेवन्ना मामले में ...***

उन्होंने ही यौन शोषण के वीडियो लीक करने के लिए कर्नाटक में कांग्रेस नेतृत्व को दोषी ठहराया है। संपत्ति बेचने में मदद करने के बहाने किया छेड़छाड़-दरअसल, देवराजे गौड़ा पर हसन जिले की एक 36 वर्षीय महिला की शिकायत के बाद केस दर्ज किया गया है।

महिला ने आरोप लगाया है कि देवराजे गौड़ा ने उसकी संपत्ति बेचने में मदद करने के बहाने उसके साथ छेड़छाड़ की थी।

***छत्तीसगढ़ के जागेश्वर यादव हुए ...***

महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया जाना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आदिवासी उत्थान के लिए प्रतिबद्ध आपका सम्पूर्ण जीवन प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। जागेश्वर यादव का नाम 2024 के पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित हुआ था।

जशपुर जिले के बिरहोर आदिवासियों के उत्थान के लिए बेहतर काम करने पर उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। जागेश्वर यादव ने आदिवासियों को साक्षर करने और शिशु मृत्यु दर कम करने जैसे बड़े काम किए हैं।

## डोप टेस्ट के लिए नूमना नहीं देने के आरोप पर बजरंग ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली। टोक्यो ओलंपिक के पदक विजेता भारतीय पुरुष पहलवान बजरंग पूनिया ने निलंबित होने के बाद डोप टेस्ट के लिए सैंपल नहीं देने के आरोपों पर आखिरकार चुप्पी तोड़ दी है। बजरंग ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया और दावा करते हुए कहा कि उन्होंने मार्च में सोनीपत में चयन ट्रायल के दौरान मूत्र का नमूना देने से इसलिए इनकार किया क्योंकि डोप नियंत्रण अधिकारी इस बात का पर्याप्त सबूत देने में विफल रहे कि वे जांच करने के लिए उचित उपकरण लाए हैं या नहीं।



### बजरंग को किया गया था निलंबित

बजरंग को 18 अप्रैल को अपनी जगह बताने में विफल होने का नोटिस जारी करने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने 23 अप्रैल को निलंबित कर दिया था। गुरुवार को नाडा के उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित किए जाने के बाद कुश्ती की विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने भी बजरंग को इस साल के अंत तक के लिए निलंबित कर दिया था।

### नमूना देने से इनकार नहीं किया

बजरंग ने कहा कि पिछले दो में से एक मौके पर नाडा अधिकारी एक्सपायर्ड किट के साथ पहुंचे थे, वहीं दूसरे मौके पर वे सिर्फ एक जांच किट के साथ पहुंचे थे, जबकि इसके लिए तीन किट अनिवार्य होती हैं। यह स्पष्ट करना है कि मैंने किसी भी समय डोपिंग नियंत्रण के लिए अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। 10 मार्च 2024 को जब कथित डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों ने मुझसे संपर्क किया तो मैंने उन्हें सिर्फ यह याद दिलाया कि पिछली दो दफा जब वे मेरे नमूने लेने आए थे तो एक बार वे एक्सपायर्ड किट लेकर आए थे। दूसरी बार जब वे मेरा नमूना लेने आए तो एक ही जांच किट के साथ आए थे जबकि तीन किट लाना अनिवार्य होता है।

### नाडा ने नहीं दिया सवाल का जवाब

पूनिया ने कहा कि उन्होंने 10 मार्च को डोप नियंत्रण अधिकारी से पिछली दो चूक के संबंध में जवाब मांगा था, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा, मैंने अधिकारियों से जवाब मांगा था क्योंकि नाडा ने मेरे किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया जिसमें मैंने इसके बारे में स्पष्टीकरण देने मांग थी और सूचित किया था कि मैं इसका स्पष्टीकरण मिलने के बाद ही अपना नमूना दूंगा। डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों ने न सिर्फ स्पष्टीकरण देने से इनकार किया बल्कि उन्होंने कोई भी सबूत देने से इनकार कर दिया कि वे इस बार उचित उपकरण लेकर आए हैं या नहीं।

## टी20 वर्ल्ड कप से पहले आयरलैंड ने दिखाया दम, पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया



नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप से पहले पाकिस्तान को आयरलैंड के खिलाफ करारी हार का सामना करना पड़ा है। पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में आयरलैंड ने मेहमान टीम को 5 विकेट से हार थमाई। एंड्रयू बालबर्नी ने 77 रन की ताबतोड़ पारी खेली।

टॉस हारने के बाद पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की, जिसमें कप्तान बाबर आजम ने सर्वाधिक 57 रन बनाए और मेन इन ग्रीन ने 20 ओवर में 182/6 रन बनाए। बाबर के अलावा सलामी बल्लेबाज सईम अयूब (45) और इफ्तिखार अहमद (37) को छोड़कर पाकिस्तान की बाकी बल्लेबाजी लाइनअप आयरलैंड के गेंदबाजों के सामने नहीं टिक सकी। मोहम्मद रिजवान (0), फखर जमान (20), आजम खान (0) और शादाब खान (0) रन बनाने में असफल रहे।

पाकिस्तान के दिए 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की शुरुआत खराब रही। 14 के स्कोर पर कप्तान पॉल स्टर्लिंग मात्र 8 रन बनाकर आउट हुए। लोर्कन टकर 4 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, एक छोर पर टिके अनुभवी बल्लेबाज एंड्रयू बालबर्नी ने अपना अर्धशतक पूरा किया। हैरी टेक्टर ने 36 रन बनाए।

# नौतपा में शनि देव के क्रोध से बचना है तो भूलकर भी न करें ये गलती

**शनि देव को प्रसन्न करना बहुत मुश्किल काम नहीं हैं लेकिन अगर शनि देव एक बार किसी से रुष्ट हो जाएं तो मानना बहुत मुश्किल है. जानें नौतपा के दौरान शनि देव को इन चीजों से क्रोध आता है.**

नौतपा 25 मई से शुरु होने वाला है.
नौतपा हर साल ज्येष्ठ के माह में पड़ता है.
नौतपा के दौरान सूर्य देव आग उगलते हैं.
इस दौरान भीषण गर्मी पड़ती है.
नौतपा के दौरान सूर्य और धरती के बीच की दूरी कम होने की वजह से लोगों को सूर्य की अधिक ताप का सामना करना पड़ता है. इस दौरान शनि देव की कृपा पाने के लिए कुछ बातों का ख्याल जरूर रखना चाहिए. वरना शनि देव का क्रोध आपके बनते कामों को बिगाड़ सकता है.
नौ दिनों तक चलने वाले नौतपा के दौरान शनि देव को प्रसन्न करने के लिए लोगों की मदद करें. भीषण गर्मी से बचाव के लिए घर आए किसी भी व्यक्ति को जल जरूर पिलाएं.
किसी भी जरुरतमंद को अनदेखा ना करें, आगे बढ़ें और उनकी सहायता करें. ऐसा करने से शनि देव प्रसन्न होते हैं और अपनी कृपा बनाए रखते हैं.
जिन लोगों पर शनि की साढ़ेसाती और शनि की ढैय्या का प्रकोप है वो लोग जरूरतमंदों को खाना खिलाएं और कपड़े का दान करें.
इस बात का खास ख्याल रखें नौतपा के दौरान शनिवार के दिन लोहा ना खरीदें और ना ही घर लाएं, ऐसा करने से शनि देव नाराज होते हैं.



# वृषभ संक्रांति पर करें मां गंगा के 108 नामों का मंत्र जप




सनातन पंचांग के अनुसार, 14 मई को गंगा सप्तमी है। यह पर्व हर वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन गंगा समेत अन्य पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान किया जाता है। इसके पश्चात, मां गंगा, सूर्य देव एवं जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। साधक मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु गंगा सप्तमी के दिन भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। सनातन शास्त्रों में निहित है कि भगीरथ के पूर्वजों के उद्धार हेतु मां गंगा धरती पर अवतरित हुई हैं। तत्कालीन समय से मां गंगा की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि पूर्णिमा, गंगा सप्तमी एवं गंगा दशहरा तिथि पर गंगा नदी में स्नान करने से व्यक्ति के सकल पाप नष्ट हो जाते हैं। अगर आप भी समस्त प्रकार के पापों से मुक्ति पाना चाहते हैं, तो गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में स्नान करें। सुविधा न होने पर गंगाजल युक्त पानी से स्नान करें। इसके बाद विधिवत मां गंगा की पूजा करें। साथ ही पूजा के समय मां गंगा के 108 नामों का मंत्र जप करें।

**मां गंगा के 108 नाम**

1. ऊँ गंगायै नम:
2. ऊँ विष्णुपादसंभूतायै नम:
3. ऊँ हरवल्लभायै नम:
4. ऊँ हिमाचलेन्द्रतनयायै नम:
5. ऊँ गिरिमण्डलगामिन्यै नम:
6. ऊँ तारकारातिजनन्यै नम:
7. ऊँ ओंकाररूपिण्यै नम:
8. ऊँ अनलायै नम:
9. ऊँ क्रीडाकल्लोलकारिण्यै नम:
10. ऊँ स्वर्गसोपानशरण्यै नम:
11. ऊँ सर्वदेवस्वरूपिण्यै नम:
12. ऊँ अंब:प्रदायै नम:
13. ऊँसगरात्मजतारकायै नम:
14. ऊँसरस्वतीसमयुक्तायै नम:
15. ऊँ सुघोषायै नम:
16. ऊँ सिन्धुगामिन्यै नम:
17. ऊँ भागीरत्यै नम:
18. ऊँ भाग्यवत्यै नम:
19. ऊँ भगीरतरथानुगायै नम:
20. ऊँ त्रिविक्रमपदोद्भूतायै नम:
21. ऊँ त्रिलोकपथगामिन्यै नम:
22. ऊँ क्षीरशुभ्रायै नम:
23. ऊँ नरकभीतिह्रते नम:
24. ऊँ अव्ययायै नम:
25. ऊँ नयनानन्ददायिन्यै नम:
26. ऊँ नगपुत्रिकायै नम:
27. ऊँ निरञ्जनायै नम:
28. ऊँ नित्यशुद्धायै नम:
29. ऊँ उमासपत्न्यै नम:
30. ऊँ शुभ्राङ्गयै नम:
31. ऊँ श्रीमत्यै नम:
32. ऊँ धवलांबरायै नम:
33. ऊँ आखण्डलवनवासायै नम:
34. ऊँ कंठेन्दुकृतशेकरायै नम:
35. ऊँ अमृताकारसलिलायै नम:
36. ऊँ लीलालिंगितपर्वतायै नम:
37. ऊँ विरिञ्चिकलशावासायै नम:
38. ऊँ त्रिवेण्यै नम:
39. ऊँ पुरातनायै नम:
40. ऊँ पुण्यायै नम:
41. ऊँ पुण्यदायै नम:
42. ऊँ पुण्यवाहिन्यै नम:
43. ऊँ पुलोमजार्चितायै नम:
44. ऊँ भूदायै नम:
45. ऊँ पूतत्रिभुवनायै नम:
46. ऊँ जयायै नम:
47. ऊँ जंगमायै नम:
48. ऊँ जंगमाधारायै नम:
49. ऊँ जलरूपायै नम:
50. ऊँ जगद्धात्र्यै नम:
51. ऊँ जगद्भूतायै नम:
52. ऊँ जनार्चितायै नम:
53. ऊँ जह्नुपुत्र्यै नम:
54. ऊँ नीरजालिपरिष्कृतायै नम:
55. ऊँ सावित्र्यै नम:
56. ऊँ सलिलावासायै नम:
57. ऊँ सागरांबुसमेधिन्यै नम:
58. ऊँ रम्यायै नम:
59. ऊँ बिन्दुसरसे नम:
60. ऊँ अव्यक्तायै नम:
61. ऊँ अव्यक्तरूपधृते नम:
62. ऊँ जगन्मात्रे नम:
63. ऊँ त्रिगुणात्मकायै नम:
64. ऊँ संगत अघौघशमन्यै नम:
65. ऊँ भीतिहर्त्रे नम:
66. ऊँ शंखदुंदुभिनिस्वनायै नम:
67. ऊँ भाग्यदायिन्यै नम:
68. ऊँ नन्दिन्यै नम्:
69. ऊँ शीघ्रगायै नम:
70. ऊँ शरण्यै नम:
71. ऊँ शशिशेकरायै नम:
72. ऊँ शाङ्कर्यै नम:
73. ऊँ शफरीपूर्णायै नम:
74. ऊँ भर्गमूर्धकृतालयायै नम:
75. ऊँ भवप्रियायै नम: ।
76. ऊँ सत्यसन्धप्रियायै नम:
77. ऊँ हंसस्वरूपिण्यै नम:
78. ऊँ भगीरतभृतायै नम:
79. ऊँ अनन्तायै नम:
80. ऊँ शरच्चन्द्रनिभाननायै नम:
81. ऊँ दु:खहन्त्र्यैनम:
82. ऊँ शान्तिसन्तानकारिण्यै नम:
83. ऊँ दारिर्द्यहन्त्र्यै नम:
84. ऊँ शिवदायै नम:
85. ऊँ संसारविषनाशिन्यै नम:
86. ऊँ प्रयागनिलयायै नम:
87. ऊँ श्रीदायै नम:
88. ऊँ तापत्रयविमोचिन्यै नम:
89. ऊँ शरणागतदीनार्तपरित्राणायै नम:
90. ऊँ सुमुक्तिदायै नम:
91. ऊँ पापहन्त्र्यै नम:
92. ऊँ पावनाङ्गयै नम:
93. ऊँ परब्रह्मस्वरूपिण्यै नम:
94. ऊँ पूर्णायै नम:
95. ऊँ जंभूद्वीपविहारिण्यै नम:
96. ऊँ भवपत्न्यै नम:
97. ऊँ भीष्ममात्रे नम:
98. ऊँ सिक्तायै नम:
99. ऊँ रम्यरूपधृते नम:
100. ऊँ उमासहोदर्यै नम:
101. ऊँ बहुक्षीरायै नम:
102. ऊँ क्षीरवृक्षसमाकुलायै नम:
103. ऊँ त्रिलोचनजटावासायै नम:
104. ऊँ ऋणत्रयविमोचिन्यै नम:
105. ऊँ त्रिपुरारिशिर:चूडायै नम:
106. ऊँ जाह्नव्यै नम:
107. ऊँ अज्ञानतिमिरापह्रते नम:
108. ऊँ शुभायै नम:

# केदारनाथ, गंगोत्री धाम के खुले कपाट



अक्षय तृतीया चार धाम यात्रा का शुभारंभ हो चुका है, आज केदारनाथ धाम, गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ भक्तों ने दर्शन किए.
चार धाम यात्रा शुरू हो चुकी है. परंपरा के अनुसार अक्षय तृतीया पर केदारनाथ धाम के कपाट सुबह 07 बजे खोले गए. पुजारियों ने वेद मंत्रों का पाठ कर पूजा अर्चना की.
केदारनाथ धाम 12 ज्योतिर्लिंग में से एक है. बाबा केदारनाथ धाम में कपाट खुलने के दौरान घंटे और शंख की ध्वनि बजती रही जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया. मौसम साफ रहा, श्रद्धालुओं में उमंग और आनंद का माहौल था. केदारनाथ मंदिर को 20 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया था, करीब 10 हजार श्रद्धालुओं ने पहले दिन बाबा के दर्शन किए, कपाट खुलते समय तीर्थयात्रियों पर हैलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा हुई थी.
आज ही यमुनोत्री धाम के कपाट सुबह 10ः29 बजे खुले. वहीं गंगोत्री धाम के कपाट खुलने का मुहूर्त दोपहर 12ः25 बजे है. गंगोत्री मां गंगा का उद्गम स्थल है वहीं यमुनोत्री यमुना नदी का स्त्रोत है.
बद्रीनाथ धाम के कपाट 12 मई 2024 को सुबह 6 बजे खुलेंगे. वहीं सिखों के पवित्र धाम हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे.चार धाम यात्रा के लिए अब तक 22.15 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं.

# घर में मंदिर स्थापित करने से पहले जान लें ये वास्तु नियम, नहीं लगेगी बुरी नजर

लोग घरों में भी मंदिर बनवाते हैं और अपनी श्रद्धा अनुसार पूजा-अर्चना करते हैं। आमतौर पर घरों में लकड़ी के मंदिर घर में रखे जाते हैं। इन्हें बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसे में यदि आप अपने घर का मंदिर स्थापित करते समय इन वास्तु नियमों का ध्यान रखेंगे तो आपको जीवन में कई तरह के शुभ परिणाम देखने को मिल सकते हैं।
घर में स्थापित मंदिर एक पवित्र स्थान माना जाता है, क्योंकि यहां से सबसे ज्यादा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यदि आपके घर में भी लकड़ी का मंदिर स्थापित है या फिर आप स्थापित करने का मन बना रहे हैं, तो ऐसे में कुछ वास्तु नियमों का ध्यान जरूर रखें, ताकि आपको इसके शुभ परिणाम प्राप्त हो सकें।



**कैसी होनी चाहिए लकड़ी**
यदि आप लकड़ी से बना मंदिर घर में स्थापित कर रहे हैं, तो हमेशा शीशम या सागौन की लकड़ी से बने मंदिर का ही चुनाव करें। ऐसा करना बहुत ही शुभ माना जाता है। यह भी सुनिश्चित करें कि लकड़ी अच्छी हो और उसमें कहीं दीमक न लगा हो।

**किस दिशा में रखें मंदिर**
मंदिर को रखने के लिए घर की पूर्व दिशा को बेहतर माना गया है। इस दिशा में मंदिर रखने से आपका मुख पूजा करते समय पूर्व की ओर होगा और पीठ पश्चिम दिशा में रहेगी। इसके अलावा उत्तर दिशा में भी मंदिर रखना अच्छा माना जाता है।

**ध्यान रखें ये बातें**
मंदिर में मूर्तियां स्थापित करने से पहले लाल या पीले रंग का कपड़ा जरूर बिछाना चाहिए। ऐसा करने से देवी-देवताओं की कृपा प्राप्त हो सकती है। साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखें, उसमें कहीं भी धूप-मिट्टी जमा न होने दें।

**कौन-सा दिन है बेहतर**
मंदिर स्थापित करने के लिए भी कुछ दिनों का वर्णन किया गया है। माना जाता है कि यदि इन दिनों में घर में मंदिर स्थापित किया जाए, तो यह बहुत ही शुभ परिणाम देता है। इसके लिए सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार का दिन शुभ माना गया है। वहीं मंगलवार, शनिवार, रविवार के दिन मंदिर स्थापित करना शुभ नहीं माना जाता।

# रसोई में न खत्म होने दें ये चीजें, वरना बुरा समय शुरू होने में नहीं लगेगी देर

वास्तु शास्त्र में माना गया है कि हर चीज को एक सही दिशा में रखने से घर-परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है। रसोई घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मान्यताओं के अनुसार रसोई में मां अन्नपूर्णा का वास होता है। तो चलिए जानते हैं कि रसोई में किस चीज को कभी खाली नहीं होने देना चाहिए है।
वास्तु शास्त्र में रसोई घर से संबंधित भी कई नियम बताए गए हैं, जिनका ध्यान रखने पर व्यक्ति को जीवन में शुभ परिणाम देखने को मिल सकते हैं। वास्तु शास्त्र में इस बात का भी वर्णन मिलता है कि किचन में किस चीज को कभी खाली नहीं होने देना चाहिए, वरना व्यक्ति को इसके नकारात्मक परिणाम झेलने पड़ सकते हैं।

**न खत्म होने दें ये चीज**
कई लोगों की आदत होती है कि वह रसोई के सामान जैसे मसाले के पूरी तरह खत्म हो जाने के बाद ही उसे खरीदते हैं। लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार, जिस भी पात्र में आप नमक रखते हैं, उसे कभी खाली नहीं होने देना चाहिए। इससे जीवन में नकारात्मकता बढ़ सकती है। इसके साथ ही अपनी रसोई में कभी भी सरसों का तेल भी खत्म नहीं होने देना चाहिए।

**जरूर रखें इस बात का ध्यान**
हल्दी, रसोई का एक जरूरी मसाला है। इसके बिना व्यंजन का स्वाद अधूरा रह जाता है। साथ ही इसे मांगलिक कार्यों में भी विशेष रूप से इस्तेमाल किया जाता है। वास्तु के अनुसार, रसोई में हल्दी को भी कभी खत्म नहीं होने देना चाहिए। ऐसे में हल्दी के खत्म होने से पहले ही इसे खरीद लें।

**होने सकती हैं धन संबंधी समस्याएं**
भारतीय संस्कृति में आटा, हमारे भोजन का एक जरूरी हिस्सा है। अधिकतर पकवानों में इसका इस्तेमाल किया जाता है। वास्तु शास्त्र में माना गया है कि यदि आपके किचन में आटा समाप्त हो जाए, तो इससे मान-सम्मान की हानि हो सकती है। इसके साथ ही चावल को भी कभी समाप्त नहीं होने देना चाहिए, क्योंकि इसका संबंध शुक्र ग्रह से माना गया है। इसके समाप्त होने पर धन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

# गिफ्ट में इन चीजों को देने से रिश्तों में आ सकती है खटास

बर्थडे या अन्य किसी खास मौके पर गिफ्ट देने का चलन बहुत पुराना है। लेकिन ज्योतिष शास्त्र और वास्तु शास्त्र में कुछ ऐसे उपहार माने गए हैं जिन्हें अगर आप किसी को देते हैं तो इससे आपके रिश्ते में खटास पैदा हो सकती है। वहीं सामने वाले व्यक्ति के लिए भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं। चलिए जानते हैं कि वह कौन-से उपहार हैं।
किसी को कोई भी गिफ्ट देने से पहले हम बहुत सोच-विचार करते हैं, ताकि एक सही तोहफे का चयन कर सकें। ऐसे में यदि आप अपने किसी खास को वास्तु या फिर ज्योतिष के अनुसार, तोहफा देते हैं, तो इससे न केवल सामने वाला व्यक्ति खुश होते है, बल्कि उसे शुभ परिणाम भी मिल सकते हैं। वहीं, वास्तु और ज्योतिष में कुछ चीजों को उपहार के रूप में देने की मनाही है।

**न गिफ्ट करें ऐसी चीजें**
सामान्य रूप से लोग उपहार के रूप में एक-दूसरे को तरह-तरह की घड़ी भी देते हैं। लेकिन वास्तु की दृष्टि से ऐसा करना बिलकुल भी शुभ नहीं माना जाता। वहीं, वास्तु शास्त्र के अनुसार, कभी भी किसी को



परफ्यूम भी गिफ्ट नहीं करना चाहिए।

**रिश्तों में आ सकती है दरार**
अक्सर लोग एक-दूसरे को उपहार के रूप में रुमाल भी देना पसंद करते हैं। लेकिन ज्योतिष शास्त्र में ऐसा करना बिलकुल भी शुभ नहीं माना गया। ऐसा करने से आपके रिश्ते में खटास पैदा हो सकती है। इसके साथ ही गिफ्ट के रूप में जूते, चप्पल आदि देना भी अच्छा नहीं माना जाता।

**भूलकर भी न दें ये उपहार**
महाभारत भले ही एक पौराणिक पुस्तक है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि इसे घर में रखने से नकारात्मकता का माहौल बनता है। जिससे लड़ाई-झगड़े की स्थिति बनने लगती है। ऐसे में महाभारत काव्य को किसी व्यक्ति को उपहार के रूप में भी देने से बचना चाहिए। ऐसा करने से आपके उस व्यक्ति से संबंध बिगड़ सकते हैं।

**न गिफ्ट करें ऐसे कपड़े**
कई लोग एक-दूसरे को कपड़े आदि भी गिफ्ट करते हैं। लेकिन जब भी आप किसी को कपड़े गिफ्ट करें, तो इस बात का ध्यान रखें कि कभी काले रंग के कपड़े उपहार के रूप में नहीं देने चाहिए। क्योंकि काले रंग को अशुभता का प्रतीक माना जाता है।

# साहू समाज की पहचान प्रदेश में सामूहिक शादी करवाने की -डॉ. रमन सिंह

## कन्यादान योजना की शुरुआत करें सरकार - डॉ.रमन सिंह o समाज के चुनाव की पद्धति में होगा बदलाव -टहल साहू





मां भानेश्वरी देवी की चमत्कार आज भी विद्यमान -भागवत साहू

राजनांदगांव (दावा)। सर्व समाज के प्रतिनिधिगणों, छत्तीसगढ़ साहू साहू, जिला साहू संघ, तहसील साहू परिक्षेत्रीय साहू संघ सिंघोला ग्रामीण साहू संघ सिंघोला ग्राम पंचायत सिंघोला, माँ भानेश्वरी मंदिर समिति के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सिंघोला के मिनी स्टेडियम में 9 मई दिन गुरुवार को प्रदेश साहू संघ के आव्हान पर राज्य स्तरीय माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं आदर्श विवाह कार्यक्रम हर्षोल्लास मय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथिद्वय के करकमलों से भाँ भानेश्वरी देवी जी व छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर, पूजा अर्चना कर के की गई। आगंतुक अतिथियों विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व महिला बाल विकास मंत्री रमशीला साहू, राष्ट्रीय तैलीय संघ के अध्यक्ष मोतीलाल साहू, छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष खिलावन साहू,जिला पंचायत अध्यक्ष गीता साहू, अरुणा साहू महिला भाजपा जिला अध्यक्ष किरण साहू आदि का पुष्प माला व सामाजिक पताका पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर व चंदन तिलकाभिषेक कर भव्य स्वागत किया गया। माँ भानेश्वरी जयंती जयंती महोत्सव में अपनी गरिमामय मुख्य अतिथि की आसंदी पर विराजमान क्षेत्र के विधायक, पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने अपने मुखारविंद से माँ भानेश्वरी माता भक्त शिरोमणि संत कर्मा माता के जयकारे लगवाए जिससे देवी माताओं के जयघोष से संपूर्ण सामाजिक बंधुओं से खचाखच भरे पंडाल गुंजायमान हो उठा। विधानसभा स्पीकर डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रम में आपके बीच बहुत दिन बाद उपास्थित हुआ हूं। सर्जरी के दो माह बाद आज माता भानेश्वरी माता के आशीर्वाद से आपके बीच सार्वजनिक कार्यक्रम में आने की शुरुआत किया हूं। उन्होंने पैर में तकलीफ होने से बैठकर ही बोलने की इजाजत मांगते हुए सबसे क्षमा मांगते हुए कहा कि पैर में थोड़ा तकलीफ जो पूरी तरह ठीक नहीं हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि प्रदेश स्तरीय माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं आदर्श विवाह कार्यक्रम में आमंत्रित किया है उसके लिए सामाजिक बंधुओं को धन्यवाद देना हूं विशेष रूप से प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू को जिन्होंने प्रदेश में भानेश्वरी जयंती की शुरुआत की। इसकी व्यापक रूप से रचना रची है। इसके लिए बहुत बड़ा कदम होगा इसके लिए समाज के बंधुओं को शुभकामनाएं दी।स्पीकर रमन सिंह ने कहा कि कन्यादान योजना में सामूहिक रुप से कर सकता है। सामाजिक बुराई से साहस भरा निर्णय ले सकता है। छत्तीसगढ़ सरकार को भी चाहिए कि गरीब बेटियों के हाथ पीले करने के लिए कन्यादान योजना की शुरू करे।जिससे लाखों बेटियां कन्यादान योजना में मां कर्मा के आशीर्वाद लेकर आगे।उन्होंने कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था एक चीज साहू समाज से सिखाया एकता-भाईचारा वह है साहू समाज जो प्रदेश में सामूहिक विवाह का आयोजन कराता है।विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने समाज की मांग पर सिंघोला स्थित माँ भानेश्वरी देवी मंदिर परिसर के विस्तार निर्माण कार्य के लिए दस लाख रुपये की मंजूरी दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने मंच से नीचे उतरकर विवाह स्थल पर जाकर विवाह जोड़े को उपहार स्वरूप लिफाफा भेंट कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और अपने विनोदी लहजे दुल्हा-दुल्हन से कहा कि किसी दिन आप लोगों के घर आऊंगा तो पहचानोंगे कि नहीं तब पूरा माहौल खुशनुमा हो गया।

अपने स्वागत उद्बोधन में जिला साहू संघ के ऊर्जावान जिलाध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव का यह लगातार दूसरा साल है। श्री साहू ने कहा कि माँ भानेश्वरी साहू समाज में जन्म लिया और सर्वसमाज की सेवा की है।माता की सेवा क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं।माता हर दुखियों के समास्याओं का निवारण की है।आज भी माता के मंदिर में जो कोई भी हो श्रद्धा के साथ अपनी दुखों को लेकर पहुंचता है, उनके दुखों को हरती है। ऐसे माता की जयंती मनाने का सौभाग्य जिला साहू संघ को मिला है यह हमारा सौभाग्य है।

कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि माता भानेश्वरी जयंती महोत्सव प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू के विशेष रुचि के फलस्वरूप यह आयोजन अब प्रदेशभर में अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने आयोजकों से कहा कि माता के चमत्कार को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला सहित पूरे छत्तीसगढ़ में एक ही दिन माँ भानेश्वरी जयंती समारोह मनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने माँ भानेश्वरी की जयंती की तरह साहू समाज में जन्मे देवी अवतरित अन्य लोगों की भी जयंती मनाने अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए सामाजिक बुराईयों को दूर करने व सामाजिक बल में बड़े होने का दंभ नहीं भरने की बात कही। पूर्व गृहमंत्री श्री साहू ने कहा कि संख्या बल पर सौ लोग एक तरफ खड़े हैं तो दूसरी तरफ बीस लोग खड़े हैं और सौ आदमी अनेक व्यसन कर हुल्लड़ कर रहे हैं रहे हैं और बीस व्यक्ति रामायण गीता का अनुसरण कर रहे तो हम किसे बड़ा माने संख्या बल में तो सौ बड़े मगर विचारों से 20 लोग बड़े हैं। इस दौरान विशेष रूप से माँ भानेश्वरी जयंती के स्वप्नदृष्टा कार्यक्रम के लगातार मानिटरिंग करते रहे और जिला साहू संघ के पदाधिकारियों में उत्साह एवं उर्जा का संचार करते रहे छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू ने सर्वप्रथम क्षेत्रवासियों सहित प्रदेशवासियों को माता भानेश्वरी देवी जयंती की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक विचार प्रकट करते हुए कहा कि समाज के वर्तमान सामाजिक चुनाव पद्धति को लेकर सामाजिक जनों के साथ-साथ मेरी भी इस पद्धति को लेकर विरोधाभास है, हलांकि इस पद्धति के तहत ही मुझे भी प्रदेश का बागडोर सौंपा गया है। समाजिक जनमानस में खरीद-फरोख्त को लेकर लगने वाले आरोप को गंभीरता से चिंतन-मनन करते हुए आने 2025 के चुनाव प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव किया जा रहा है।

प्रदेशाध्यक्ष टहल साहू ने कहा कि आगामी चुनाव में नवीन पद्धति तहत हर गांव से 3 मतदाता होंगे जिसमें माता-महिला शक्ति एक युवा और ग्रामीण अध्यक्ष होंगे। यही चुनाव पद्धति शहर और प्रदेश में भी लागू करने की बात कही। उन्होंने ने कहा कि मेरा संकल्प था कि मैं समाज का पदाधिकारी रहकर कोई राजनीतिक दलों से चुनाव नहीं लड़ूंगा और मैं चुनाव नहीं लड़ा, प्रस्ताव तो बहुत थे। आगे ऊन्होने कहा कि आने वाले 2025 के चुनाव में एक घोषणा पत्र भराया जायेगा कि जो व्यक्ति राजनीतिक दलों से टिकट मांग करेगा और उस व्यक्ति को टिकट मिलती है तो घोषणा पत्र के अनुसार उसका पदभार तत्काल प्रभाव से स्वमेव खत्म हो जायेगा।

इस राज्य स्तरीय माँ भानेश्वरी जयंती महोत्सव एवं आदर्श विवाह आयोजन में रेलवे सुरक्षा प्रभारी अरुणा साहू द्वारा पंडवानी गायन की प्रस्तुति दी। अरुणा साहू की सुमधुर पंडवानी गायकी से सामाजिक बंधु और अतिथिगण सम्मोहित दिखे और करतल ध्वनि से पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा। राज्य स्तरीय माँ भानेश्वरी जयंती समारोह समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा दे रहे उन हस्तियों में विख्यात पंडवानी गायिका करुणा साहू रेलवे पुलिस सुरक्षा बल प्रभारी, अधिकारी कर्मचारी प्रक्रोष्ठ के संयोजक यशवंत साहू, ऐश्वर्या साहू, किरण साहू, डॉ.गणेश साहू को विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सफल लयबद्ध संचालन हिमांचल साहू, हलधर साहू, हनुमंत साहू ने ने बारी-बारी से किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला साहू संघ के महामंत्री नीलमणी साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अतिथिद्वय को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में संरक्षकद्वय डॉक्टर नीरेंद्र साहू, कमल किशोर साहू, सलाहकार खेदूराम साहू, मोती साहू, विष्णु साव, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, नीरा साहू, मदन साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, राजनीतिक चुम्मन साहू, महेंद्र साहू,युवा प्रकोष्ठ के डीकेश साहू,न्याय प्रक्रोष्ठ के मिलापदास साहू, नगर साहू संघ के कुलेश्वर साहू, तहसील साहू संघ के अंजू साहू, तुकासाहू, परिक्षेत्रीय साहू संघ के अध्यक्ष चंद्र शेखर साहू ,मिडिया प्रक्रोष्ठ के ईश्वर साहू दीपक साहू, अंकालू साहू सहित जिला साहू संघ के विभिन्न प्रक्रोष्ठ के पदाधिकारियों एवं जिले भर स्वजातीय की बड़ी संख्या में गरिमामय मौजूदगी रही।

# जिला प्रशासन की सतर्कता से सिंगदई में रोका गया बाल विवाह



कन्या व वर पक्ष को दी गई समझाईश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में अक्षय तृतीया पर जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति द्वारा राजनांदगांव शहर के सिंगदई में बाल विवाह को रोका गया। टीम द्वारा वर एवं कन्या पक्ष को समझाईश दी गई कि बाल विवाह करना एवं करवाना एक कानूनी अपराध है।

विवाह के लिए वर की आयु 21 वर्ष तथा वधु की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। इस अपराध के लिए 2 वर्ष तक कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो एक लाख रूपए तक हो सकता है या दोनों से दण्डित किया जाने का प्रावधान है। बाल विवाह कराये जाने पर बाल विवाह में शामिल परिजनों सहित विवाह करने वाले संस्थान, पुरोहित, टेन्ट हाऊस, प्रिटिंग प्रेस, नाई, बैंड बाजा बजाने वाले व्यक्ति से लेकर खाना बनाने वाले एवं सगे संबंधी के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधान अनुसार कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी सुश्री रीना ठाकुर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री सीके लाडे, पर्यवेक्षक सुश्री दिव्या तिवारी सहित पुलिस, पटवारी, शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन अक्षय तृतीया के अवसर पर अधिक बाल विवाह होने की संभावना को रोकने के लिए सतर्क थी। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले में बाल विवाह को रोकने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया था। बाल विवाह रोकने के लिए जिला, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर टीम बनाई गई थी। जिसमें ग्राम के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, शिक्षक, पंच अन्य शामिल थे। जिन्हें बाल विवाह होने की स्थिति में तत्काल सूचित किया जा सकता था।

टीम के सदस्य द्वारा संभावित बाल विवाह को रोकने अपने आसपास निगरानी की जा रही थी। साथ ही जिले के नागरिकों से बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह की सूचना मिलने पर दूरभाष क्रमांक 07744-220405 एवं चाईल्ड हेल्प लाईन टोल फ्री नंबर 1098 संपर्क करने का आग्रह किया गया था। कलेक्टर ने जिले के जनप्रनिधियों एवं स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों से बाल विवाह को रोकने में सहयोग की अपील की थी।

# कलेक्टर ने प्रवीण्य सूची में छठवां स्थान प्राप्त करने पर छात्रा वंशिका साहू से ग्राम हालेकोसा पहुंचकर की मुलाकात

o गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए दी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
o भविष्य की योजनाओं पर की चर्चा, आगे की पढ़ाई के लिए किया प्रेरित



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी परीक्षा में 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में छठवां एवं जिले में पहला स्थान प्राप्त करने पर कुमारी वंशिका साहू को विकासखंड छुरिया के ग्राम हालेकोसा पहुंचकर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर ने छात्रा कुमारी वंशिका साहू के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि वंशिका ने प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इसी तरह आगे भी जीवन में सफलता के नये आयाम प्राप्त करें। कलेक्टर ने वंशिका साहू से भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की और आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित भी किया। छात्रा कुमारी वंशिका साहू ने कहा कि उनकी इस सफलता में माता-पिता, परिवारजनों तथा गुरूजनों का अशीर्वाद एवं विशेष सहयोग रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह, परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, जिला मिशन संचालक डीएमसी सतीश व्योहरे, परिवारजन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। राजनांदगांव जिले से कक्षा 10वीं में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया की छात्रा कुमारी वंशिका साहू ने 97.83 प्रतिशत अंकों के साथ राज्य में छठवां एवं जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 12वीं में सर्वेश्वर दास शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के छात्र रिकेश देवांगन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भेड़ीकला राजनांदगांव के छात्र ओगेश कुमार ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले में कक्षा 10वीं में 76.76 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। जिसमें छात्रों का प्रतिशत 71.85 एवं छात्राओं का प्रतिशत 80.78 है। इस तरह कक्षा 12वीं में 83.57 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जिसमें छात्रों का प्रतिशत 80.11 एवं छात्राओं का प्रतिशत 86.24 है।




# महिलाओं द्वारा शीतल छाछ वितरित



राजनांदगांव (दावा)। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर झंकार दादी लघु मंडल एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की महिलाओं द्वारा आज जी.ई.रोड के भदौरिया चौक में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक शीतल छाछ के लगभग 3800 गिलास का वितरण राहगीरों को किया गया। पैदल चलने वाले, दो पहिया, आटो, चार पहिया गाड़ियों के राहगीरों ने भीषण गर्मी में शीतल पेय सुस्वादिष्ट छाछ पीकर आयोजकों का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कार्यक्रम पूरा होने पर वहां फैले खाली गिलासों को एकत्रित करवाकर स्वच्छता का संदेश भी दिया।

इस दौरान प्रमुख रूप से समिति की अनीता लोहिया, नीता लोहिया, संध्या सिंघल, संगीता सिंघल, संतोष अग्रवाल, नीता अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, रंजना अग्रवाल, मोना लोहिया, अर्चना लोहिया, कंचन सिंघल, कांता अग्रवाल, लक्ष्मी गुप्ता, प्रीति खंडेलवाल, रीना अग्रवाल, रमणीक अग्रवाल एवं अशोक लोहिया उपस्थित थे।

# अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरुद्ध की गई कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा अवैध मदिरा विक्रेताओं के विरूद्ध धरपकड़ अभियान के तहत कार्रवाई की गई। आबकारी उप निरीक्षक उज्ज्वल कुमार सूत्रधर एवं आबकारी मुख्य आरक्षक लालसिंह राजपूत व आबकारी आरक्षक जर्नादल पाण्डेय द्वारा ग्राम ढारा में रामअवतार वर्मा के कब्जे से 10 बल्क लीटर महुआ शराब तथा ग्राम बोरतलाब में रमेश सुन्दरलाल कड़पते के कब्जे से 18 बल्क लीटर महाराष्ट्र निर्मित देश दारू संत्री जप्त किया गया। इसी तरह आबकारी उप निरीक्षक श्रीमती नेहा सिंह एवं निजाम शाह ठाकुर व नागेष निषाद द्वारा ग्राम मरकाका में जोहरी हिचामे से 7 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमांनतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल में दाखिल किया गया है। कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है तथा अवैध मदिरा विक्रेताआं के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी रखने कहा है।

# टांका घर व्यावसायिक परिसर के दुकानों की अनुबंध व किराया जमा नहीं करने पर निगम ने की 6 दुकानें सील



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा रेल्वे स्टेशन रोड स्थिति टांका घर के पास व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है। जिसके भूतल व प्रथम तल में निर्मित दुकानों को नियमानुसार नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है। आबंटितों को अनुबंध करा किराया जमा करने अनेको बार नोटिस जारी किया गया, नोटिस उपरांत अनुबंध नहीं करने पर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर 6 दुकानें क्रमशः जी-11, जी-19, जी-21 व एफ-8, एफ-14 व एफ-20 को निगम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्यवाही की गयी।

आयुक्त श्री गुप्ता समय समय पर राजस्व की समीक्षाकर दुकानों के प्रीमियम राशि, अनुबंध एवं किराया के संबंध में जानकारी लेकर जमा नहीं करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे। निर्देशानुसार राजस्व अमला कार्यवाही कर रही है, पूर्व में सुभाष द्वार के पास निर्मित दुकानों में कार्यवाही की गयी और आज प्र.उपायुक्त भूपेन्द्र वाडेकर के नेतृत्व में राजस्व उपनिरीक्षक रविन्द्र ठाकुर व राजकुमार बंजारे,सहायक ग्रेड-2 अभिजीत हरिहारनो एवं निगम की राजस्व टीम रेल्वे स्टेशन रोड टाका घर के पास भूतल व प्रथम में निर्मित दुकानों में से 06 दुकानदारो द्वारा अनुबंध नहीं करा, किराया जमा नहीं करने पर तालाबंदी कर सील की गयी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा रेल्वे स्टेशन रोड टांका घर के पास भूतल व प्रथम तल में व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया है, जिसे नियमानुसार नीलामी उपरांत शासन स्वीकृति पश्चात आबंटित किया गया है, आबंटन उपरांत संबंधित दुकानदारों को अनुबंधकरा किराया जमा किया जाना था, जिनके द्वारा अनुबंध व किराया जमा नहीं किया गया, उन्हें नोटिस जारी किया गया,नोटिस के पश्चात भी कुछ दुकानदारों द्वारा अनुबंधकर किराया जमा नही कराया गया और उनके द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार का सम्पर्क नहीं किया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुये आज टाका घर व्यवसायिक परिसर की 6 दुकानें क्रमशः जी-11, जी-19, जी-21 व एफ-8, एफ-14 व एफ-20 को निगम की राजस्व टीम द्वारा तालाबंदी कर सील करने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने बताया कि दुकानों का प्रीमियम, अनुबंध व किराया का भुगतान नहीं करने पर आगे भी दुकानों में सील करने की कार्यवाही की जावेंगी।

# बरगांव ग्रामदेवी माता शीतला मंदिर के झूले में लगी आग



एक सप्ताह बाद दो युवकों पर संदेह, एफआईआर नहीं

डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम बरगाँव में ग्रामदेवी माता शीतला मंदिर में माता के झूला में आग लगने से आक्रोश का माहौल है. कुछ उत्पातियों के चलते पूरे गांव के आस्था का केन्द्र विगत कुछ दिनों से चर्चा का विषय बना हुआ है. घटना 4 मई शनिवार रात्रि की है, जब गांव के ही कुछ युवकों ने देवीमाता के नये झूले में आग लगने की सूचना ग्रामीणों को दी.

बता दें कि कुछ दिनों पूर्व ही मंदिर में नये झूले का निर्माण किया गया था और पुराना झूला भी इस झूले के समीप ही नीचे रखा हुआ था. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार विगत कुछ माह पूर्व भी इसी मंदिर में माता के वस्त्रों में आग लगी थी, जिसे दीपक आदि से दुर्घटना मानकर गांव वालों ने भुला दिया था किन्तु मंदिर के बाहर रखे पुराने झूले और नये झूले में आग लगना सामान्य विषय नहीं था और इसे जानबूझकर लगाया गया मानकर ग्रामीणों ने अपने स्तर पर खोज-पड़ताल करना प्रारंभ किया. 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर सभी ग्राम के मंदिर देवालयों में पूजन अर्चन होता है और बरगांव में भी शीतला मंदिर में पूजन अर्चन के लिए पूरे ग्रामवासी इकट्ठे हुए थे. झूले में आग लगने की घटना के विषय में ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान दो युवकों पर संदेह करते हुए पुलिस के हवाले किया है. हॉलाकि डोंगरगांव पुलिस ने बताया कि घटना एक सप्ताह पूर्व की है और ग्रामीणों की ओर से कोई भी आवेदन नहीं दिया गया है. 112 में सूचना के आधार पर दोनों युवकों को थाने लाया गया है लेकिन इन युवकों ने झूले में आग लगाने के आरोप से इंकार किया है. ऐसे में यह जांच का विषय है कि आखिर हिन्दु धार्मिक आस्था के केन्द्र में इस तरह की घटना को कौन अंजाम दे रहा है ?

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com